

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -322 जबलपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## बाबा रामदेव और बालकृष्ण के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

### भ्रामक विज्ञापन चलाने का आरोप



केरल (आरएनएस)। केरल की एक अदालत ने भ्रामक विज्ञापनों के मामले में योग चिकित्सक बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। पलक्कड़ में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वितीय ने व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी होने के बावजूद अदालत में उपस्थित होने में विफल रहने के बाद 16 जनवरी को वारंट जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता अनुपस्थित है। सभी आरोपी अनुपस्थित हैं। सभी आरोपियों को जमानती वारंट दिया गया है।

यह मामला पतंजलि आयुर्वेद की सहायक कंपनी दिव्य फार्मेसी द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसने कथित तौर पर ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन किया था। विज्ञापनों पर बीमारियों के इलाज के बारे में निराधार दावे करने और एलोपैथी सहित आधुनिक चिकित्सा को अपमानित करने का आरोप है। इसी तरह का एक मामला कोझिकोड में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित है।

पतंजलि और उसके संस्थापकों को अपने विज्ञापनों के कारण पिछले दो वर्षों में कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस मुद्दे ने तब राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया जब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसके विज्ञापनों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया और भ्रामक दावों के लिए अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया। रामदेव और बालकृष्ण के सुप्रीम कोर्ट में पेश होने और उनके सार्वजनिक माफी मांगने के बाद कोर्ट ने पतंजलि को अखबारों में माफीनामा प्रकाशित करने का आदेश दिया। हालाँकि, अदालत ने 1945 के ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स के तहत कड़ी कार्रवाई नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना भी की।

## दो मासूम बच्चों को फांसी पर लटका खुद फंदे से झूली मां

महू- महू एक महिला अपने दो मासूम बच्चों को फांसी के फंदे पर लटका खुद आत्महत्या कर ली। मामला महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र का है। जहां 28 वर्षीय महिला ने अपने चार साल के बेटे व ढाई माह की बच्ची को फंदे पर लटकाया और खुद भी फंदे पर झूल गई।

इस घटना में फंदे की रस्सी स्वेटर में फंस जाने से ढाई माह की बच्ची की जान तो बच गई, पर मां-बेटे की मौत हो गई। महिला ने यह कदम क्यों उठाया अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला के स्वजनों ने उसके पति द्वारा रुपयों के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बड़गोंदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम ग्राम नांदेड़ में हुई। महिला डिंपल का पति रोहित गिरवाल मिस्त्री और ठेकेदारी का काम करता है।

### कोलकाता-आरजी कर डॉक्टर रेप-मर्डर केस में कोर्ट का बड़ा फैसला

## संजय रॉय को मिली उम्रकैद की सजा



कोलकाता.(आरएनएस)। आरजी कर रेप-हत्या मामले में अदालत ने 18 जनवरी को संजय रॉय को दोषी पाया था और सोमवार को उसके खिलाफ सजा का ऐलान किया. कोर्ट ने दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास सजा सुनाई. जांच एजेंसी सीबीआई के वकील ने अदालत से मृत्युदंड की मांग की थी. कोलकाता कांड की जांच कर रही सीबीआई ने कोर्ट से मांग की कि दोषी संजय रॉय को फांसी की सजा दी जाए. जज ने सुनवाई के दौरान संजय रॉय से कहा कि तुम दोषी हो. सियालदह कोर्ट के जज ने आरजी कर रेप-हत्या मामले की सुनवाई करते हुए दोषी संजय रॉय से कहा कि मैंने पिछले दिन बताया था कि तुम पर क्या आरोप लगाए गए हैं और तुम्हारे खिलाफ कौन से आरोप साबित हुए हैं. इस पर आरोपी संजय ने जज से कहा कि मैंने कुछ नहीं किया है, न रेप और न ही हत्या. मुझे झूठा फंसाया जा रहा है. आपने सब कुछ देखा है. मैं निर्दोष हूं. मैंने आपको पहले ही बताया था कि मुझे प्रताड़ित किया गया. उन्होंने मुझसे जो चाहा, उस पर हस्ताक्षर करवाए.

**सीएम ममता बनर्जी ने यह कहा**

कोलकाता कांड को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हमने जांच में सहयोग किया है. हमने न्याय की मांग की थी, लेकिन न्यायपालिका को अपना काम करना था, इसलिए इसमें इतना समय लगा. हम हमेशा चाहते थे कि पीड़िता को न्याय मिले सियालदह अदालत ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को रॉय को पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के खिलाफ किए गए अपराध का दोषी पाया था, जिसके कारण देश भर में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुआ था। न्यायाधीश दास ने दोषी को मौत की सजा नहीं देने के लिए कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

## साधु-संतों के साथ महाकाल के गर्भगृह में घुसा युवक, पुजारियों ने बाहर किया



उज्जैन (आरएनएस)। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित होने के बावजूद एक युवक भीतर चला गया। पुजारियों ने उसे बाहर निकाला। घटना की जानकारी मंदिर प्रशासक को मिली तो उन्होंने दो कर्मचारियों को नोटिस दिया और दो सुरक्षाकर्मियों को हटाने के लिए पत्र निजी सुरक्षा कंपनी को भेजा। प्राथमिक जांच में पता चला है कि सोमवार को कुछ साधु-संत गर्भगृह में पूजन के लिए गए थे। युवक उन्हीं के साथ भीतर चला गया। फिलहाल महाकाल पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। उल्लेखनीय है कि भीड़ प्रबंधन के लिए महाकाल मंदिर के गर्भगृह में चार जुलाई-2023 से ही प्रवेश प्रतिबंधित है। केवल साधु-संत और अतिविशिष्ट अतिथियों को ही प्रवेश दिया जाता है। इन अतिथियों को भी भीतर प्रवेश करने के लिए सामान्य वस्त्रों की बजाय धोती पहननी होती है। सोमवार सुबह 8.25 बजे कुछ साधु-संत महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थे। वे चांदी द्वार होते हुए गर्भगृह की दहलीज पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। इन साधु-संतों के साथ एक युवक भी भीतर चला गया। कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुजारियों ने गर्भगृह में युवक को ट्रैक सूट में देखा तो बाहर निकाला। जांच में पता चला है कि युवक का नाम निहाल सिंह उम्र 21 वर्ष है। वह उज्जैन के जयसिंहपुरा का रहने वाला है और रामघाट पर फूल-हार की दुकान संचालित करता है। मामले में प्रशासक अनुकूल जैन ने गर्भगृह निरीक्षण कमल जोशी और नंदी हाल प्रभारी प्रहलाद भास्कर को नोटिस जारी किया है।वहीं निजी सुरक्षा कंपनी के कर्मचारी सोहन डाबी और अंकित को स्थायी रूप से मंदिर से हटाने के लिए कंपनी को पत्र लिखा है। गर्भगृह में प्रवेश करने वाले युवक निहाल सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद व मंदिर समिति से प्राप्त शिकायत के अनुसार आगे की कार्रवाई करेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 21वें आयुर्वेद पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय सेमिनार और आरोग्य मेले का किया शुभारंभ-आयुष में भी सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाएगी

## आयु की प्रत्येक अवस्था में बेहतर जीवन जीने का प्रमाणिक मार्ग है आयुर्वेद-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल- (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आयुर्वेद के माध्यम से ही सौ वर्ष जीने के लक्ष्य को साकार कर जीवते शरद- शतम- के भाव को सिद्ध किया जा सकता है। आयुर्वेद, आयु की प्रत्येक अवस्था में बेहतर जीवन जीने का प्रमाणिक मार्ग है। परमात्मा ने प्रकृति में ही हर व्याधि के लिए औषधि दी है, इस तथ्य का सर्वाधिक ज्ञान और उसे व्यवहार में लाने की क्षमता आयुर्वेद में नीहित है। वनस्पतियों की जानकारी और योग की क्षमता से व्यक्ति स्वस्थ रहने के मार्ग का अनुसरण कर सकता है। आयुर्वेद हजारों साल पुरानी परंपरा है, संपूर्ण विश्व इसका अनुसरण करने के लिए तत्पर है और भारत आयुर्वेद की विधा का राजदूत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा की इस विधा को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगला आयुर्वेद पर्व सिंहस्थ 2028 के अवसर पर उज्जैन में करने के लिए आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य सरकार इस पर्व की आयोजक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को 21वें आयुर्वेद पर्व-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन-सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक कॉलेज आरंभ किए जाएंगे। नई शिक्षा नीति के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालयों को आयुर्वेदिक, मेडिकल सहित अन्य सभी प्रकार के कोर्स संचालित करने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। आयुर्वेद में पैरामेडिकल, नर्सिंग आदि कोर्सेज चलाने की व्यवस्था की जाएगी। आयुष से संबंधित क्लीनिक और नर्सिंग होम पंजीयन का कार्य आयुष विभाग को सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के समान आयुष में भी सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाएगी। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान उज्जैन में आरंभ किया जाएगा। आयुष विभाग की क्रय नीति में आवश्यक संशोधन कर उसे सरल बनाया जाएगा। प्रदेश में आयुर्वेदिक उत्पादों की इकाई स्थापित करने पर राज्य शासन की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा। उज्जैन में सिंहस्थ के लिए आयुर्वेदिक संस्थानों को भी स्थाई निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय के सुझाव पर उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय वैदिक न्यायालय स्थापित करने में राज्य शासन की ओर से सहयोग पर विचार किया जाएगा। यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई हिंदी में भी करने की व्यवस्था होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की पहचान टाइगर राज्य के रूप में है। प्रदेश वन्य प्राणियों की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहा है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है, यहां से निकलने वाली नर्मदा-गुजरात को, ताप्ती- महाराष्ट्र एवं गुजरात को, चंबल-राजस्थान से होते हुए उत्तर प्रदेश को और केन -बेतवा भी उत्तर प्रदेश को समृद्ध बनाती है।

## राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक लगी अंतरिम रोक



नई दिल्ली.(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है. शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मामले को रद्द करने की मांग वाली गांधी की याचिका पर झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता से भी जवाब मांगा है. वहीं, मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस भेजा है. याचिका में झारखंड हाई कोर्ट के 22 फरवरी 2024 फैसले को चुनौती दी गई है. हाईकोर्ट ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार किया था. दरअसल, बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था.

## इंदौर में टैंकर से अमोनिया का रिसाव, आंखों में जलन और उल्टियां करने लगे लोग



इंदौर (आरएनएस)। बायपास पर रविवार को टैंकर से ज्वलनशील गैस (अमोनिया) के रिसाव होने से भगदड़ मच गया। गैस की गंध इतनी तेज थी कि लोगों की आंखों और गले में जलन होने लगी। महिलाएं और बच्चे उल्टियां करने लगे। पुलिस ने सूझबूझ दिखाई और देवास-पीथमपुर से आने वाले वाहन रोककर टैंकर खाली करवाया। राहत कार्य के लिए फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ भी बुलानी पड़ी। घटना बायपास पर सेज यूनिवर्सिटी के पास की है। पुलिस कंट्रोल रूम को सायं चार बजे खबर मिली थी कि टैंकर से जहरीली गैस निकल रही है। गैस की चपेट में आने वाले वाहन चालकों के गले, नाक, श्वसन नली और आंखों में जलन हो रही है। कई को उल्टियां भी हो रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और पीथमपुर से देवास जाने वाले वाहनों को बिजलपुर की तरफ मोड़ा गया। देवास से पीथमपुर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाला गया। मौके पर फायरकर्मियों को बुलाया और पानी डालकर गैस का प्रभाव कम किया। टैंकर खाली कर सायं सात बजे क्रेन की मदद से टैंकर हटाकर ट्रैफिक शुरू करवाया गया। राहत बचाव में लगे 10 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भी हालत बिगड़ने पर उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, टैंकर पीथमपुर की कंपनी हरी प्रभु गैसेस एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड का है। पुलिस ने कंपनी से कर्मचारियों को भी मौके से बुला लिया था। कर्मचारियों ने बताया कि एक्रस अमोनिया से भरा टैंकर ग्वालियर के लिए भेजा गया था। रास्ते में टैंकर खराब हो गया इसलिए उसे सही कराने के लि चालक बीच सड़क पर खड़ा कर मैकेनिक को बुलाने चला गया। इस बीच कोई वाहन टैंकर से टकरा गया और वाल्व टूट गया। इस कारण गैस का रिसाव होने लगा।

## सोपोर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ जारी, सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान ठिकाने को ध्वस्त किया



सोपोर- (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है और रिपोर्ट्स के अनुसार इलाके में एक या दो आतंकवादियों के छिपे होने का संदेह है। पुलिस ने कहा मुठभेड़ कल रात तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने एक ठिकाने पर छापा मारा, जिसके बाद आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया गया। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। जालोरा के इलाके में लॉन्च किया गया था। इलाके में गोलियों की आवाज सुनाई देने के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। कश्मीर जोन पुलिस ने रविवार को ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा सोपोर के जालोरा में पुलिस और स्न्न द्वारा शुरू किए गए

## राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा फैसला, दक्षिणी सीमा पर इमरजेंसी घोषित



वाशिंगटन- (आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप आज अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार शपथ ले रहे हैं। अपने भाषण में उन्होंने कई बड़ी बातें कही हैं। इसमें से पहली बड़ी घोषणा उन्होंने की कि दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाया जाएगा। वाशिंगटन डीसी में हो रहे कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि लोग हमारे काम को रोकना चाहते हैं, उन्होंने मेरी आज़ादी छीनने की कोशिश की है और वास्तव में, मेरी जान लेने की कोशिश की है।

कुछ महीने पहले, पेंसिल्वेनिया के एक खूबसूरत मैदान में, एक हत्यारे की गोली मेरे कान को चीरती हुई निकल गई। लेकिन मुझे तब लगा था, और अब और भी यादा लगता है, कि मेरी जान किसी कारण से बचाई गई थी। मुझे अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए भगवान ने बचाया था।

इस दिन से, हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। हम हर देश के लिए ईर्ष्या का विषय होंगे और हम खुद को अब और फ़ायदा उठाने की अनुमति नहीं देंगे। ट्रम्प प्रशासन के हर एक दिन के दौरान, मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। न्याय विभाग और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।

हाल ही में लॉस एंजिल्स, जहाँ हम अभी भी दुखद रूप से जलती हुई आग देख रहे हैं। कुछ सप्ताह पहले से ही बिना किसी सुरक्षा उपाय के, वे घरों और समुदायों में फैल रहे हैं, यहाँ तक कि हमारे देश के कुछ सबसे धनी और सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों को भी प्रभावित कर रहे हैं, जिनमें से कुछ अभी यहाँ बैठे हैं। उनके पास अब घर नहीं है, यह दिलचस्प है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने दे सकते। हमारे पास एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है जो आपदा के समय काम नहीं करती है, फिर भी दुनिया के किसी भी देश की तुलना में इस पर अधिक पैसा खर्च किया जाता है और हमारे पास एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो हमारे बच्चों को कई मामलों में खुद पर शर्म करना सिखाती है और हमारे देश से नफरत करना सिखाती है, भले ही हम उससे इतना प्यार करने की कोशिश करें। यह सब आज से ही बदल जाएगा और यह बहुत जल्दी बदल जाएगा।

## फडणवीस सरकार के फैसले पर भड़की एकनाथ शिंदे की शिवसेना, लगानी पड़ी रोक



मुंबई.(आरएनएस)। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने नासिक और रायगड़ जिलों में प्रभारी मंत्री नियुक्त करने का आदेश जारी किया था, जिस पर अब स्टे लगा दिया है. इस फैसले के खिलाफ एकनाथ शिंदे की लीडरशिप वाली शिवसेना के बीच भारी असंतोष दिखा था और कई जगहों पर शिवसैनिकों ने विरोध प्रदर्शन भी किए थे. ऐसे में देर रात ही सरकार ने फैसले पर स्टे लगा दिया.

शिवसेना का कहना है कि प्रभारी मंत्री के चयन में पारदर्शिता और समानता रखी जाए. यह विवाद इसलिए हो रहा है क्योंकि एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगढ़ का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि नासिक की जिम्मेदारी भाजपा लीडर गिरीश महाजन को मिली है. महाराष्ट्र में प्रभारी मंत्री को ही गार्जियन मिनिस्टर कहा जाता है. गार्जियन मिनिस्टर की जिले की विकास योजनाओं से जुड़ी मीटिंगों में हिस्सेदारी होती है और वह सभी मामलों का एक तरह से निरीक्षणकर्ता होता है. ऐसे में इसका काफी महत्व होता है और पार्टियों के बीच प्रभारी मंत्री के पद को लेकर खींचतान रहती है. रविवार को जैसे ही जानकारी मिली कि प्रभारी मंत्री का पद भाजपा और एनसीपी के खाते में गया है तो शिवसैनिक भड़क गए. शिवसेना को उम्मीद थी कि भारत गोगावाले को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाया जाएगा, जबकि नासिक की कमान दादा भुसे को मिलेगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ और इसे शिवसैनिकों ने एनसीपी एवं भाजपा के बीच गठजोड़ के चलते खुद को नजरअंदाज करने के तौर पर देखा गया है. शिवसेना के स्थानीय नेताओं का कहना है कि गार्जियन मिनिस्टर का पद किसी और दल को देकर स्थानीय समीकरणों को नजरअंदाज किया गया है.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी शहपुरा जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि ग्राम ठूठा में झगड़े की सूचना पर पहुँची पुलिस को सूचना मिली कि एक लडका ग्रे कलर का लोवर एवं सफेद कलर वाली टी शर्ट पहने हुये अपने लोवर की दाहिने जेब में देशी कट्टा रखे हुये था जिसकी मूठ जेब से बाहर निकली हुयी दिख रही है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई ग्राम ठूठा सुमित यादव के खेत के पास मुखबिर के बताये हुलिये का लड़का दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा



# गढ़ा के सनराईज कॉलोनी में आयोजित शिविर में 9 भवन स्वामियों ने जमा की विकास शुल्क की राशि

## 40 लोगों को विकास शुल्क जमा करने जारी किया गया नोटिस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन के कॉलोनी डेवलपमेंट रूल 2021 के अनुसार नगर में स्थित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने एक बड़ी पहल की है और शहर के 104 पात्र पाई गयी कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के एवज में विकास शुल्क जमा कर नक्शा पास कराने के लिए उनके कॉलोनियों में ही शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है। कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि आज सोमवार 20 जनवरी को गढ़ा के सनराईज कॉलोनी में प्रात: 11:00 बजे 05:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 9 भवन स्वामियों के द्वारा 2 लाख 87 हजार रूपये विकास शुल्क जमा किया तथा 40 लोगों को विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया गया है। श्री दुबे ने बताया कि उन्होंने बताया कि शिविर में ही कॉलोनियों में रहने वाले रहवासी नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर भवन निर्माण के लिए नक्शा पास करने जैसी प्रक्रिया को पूर्ण करने की दिशा में आवेदन स्वीकार किये गये हैं। इससे नागरिकों को अपने ही कॉलोनियों में शासन की इस ऐतिहासिक निर्णय एवं पहल की सुविधा उठा सकेगें। आयोजित शिविर में कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे, मनोज तिवारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार शहर में लगाये जाने वाले साप्ताहिक शिविरों की जानकारी देते हुए कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि आज दिनाँक 21 जनवरी दिन मंगलवार को संभाग क्रमांक 1 के गढ़ा वार्ड अंजना पटैल, लोकमन पटैल, गढ़ा, जबलपुर में विकास शुल्क 57/- प्रति वर्गफुट के हिसाब से जमा करने शिविर का आयोजन किया गया है। कॉलोनीवासियों से शिविर का लाभ उठाने निगमायुक्त प्रीति यादव ने अपील की है।



# गोवा विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा गोवा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमेश तावड़कर को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया? इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया, जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी व कपिल गोयल उपस्थित रहे.

# पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 30 जून अथवा 31 दिसंबर को सेवानिवृति के पश्चात अगामी तिथि पर वेतन-वृद्धि की स्वीकृति का आदेश निकाला

## फेडरेशन ने अन्य सभी बिजली कंपनियों से भी शीघ्र ऐसा ही आदेश जारी करने का आग्रह किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि 30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त होने पर वेतन-वृद्धि के लिए बिजली कंपनियों में कार्यरत कार्मिकों को एक से ही बिषय में अलग-अलग माननीय न्यायालय में जाना पड़ रहा था। उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। माननीय न्यायालय और मध्यप्रदेश शासन के आदेश पर आज एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा तत्सबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अब कर्मचारियों को इस आदेश से उनकी कंपनी से ही उक्त वेतन-वृद्धि का लाभ मिल जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने मध्यप्रदेश शासन के अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई जी और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों का इस आदेश जारी करने के लिए आभार व्यक्त किया है।

फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, वरिष्ठ नेता यू के पाठक, दिनेश दुबे, सुनील कुरेले,आर एस परिहार, केदारनाथ अग्निहोत्री, सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे,निर्मल शुक्ला, आई के अग्रवाल, मोहन श्रीवास, सतीश गुप्ता, बसंत मिश्रा,दिलीप पाठक,मनोज पाठक ने अन्य सभी बिजली कंपनियों के माननीय प्रबंध संचालक गणों से आग्रह किया है कि वे भी शीघ्र अपनी कंपनी में भी आदेश जारी करा दें जिससे संबंधित सभी कर्मचारियों को शीघ्र लाभ मिल जाएगा।

अब सभी पात्र कर्मचारी, पेंशनर्स सीधे अपने कार्यालय में ही आवेदन प्रस्तुत करें। उनके आवेदन पत्र पर उनकी उक्त वेतन-वृद्धि कार्यालय द्वारा स्वीकृत कर पेंशन का पुन: निर्धारण किया जाएगा।

## अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

जबलपुर- थाना रांझी में श्रीमती कुसुम लता उम्र 61 वर्ष निवासी रक्षानगर कालोनी बड़ा पत्थर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति गोकुलचंद आर्मी 506, वर्कशॉप खमरिया से रिटायर्ड है पति के रिटायरमेंट का पैसा उसके पंजाब नेशनल बैंक खाते में जमा है दोपहर लगभग 3-35 बजे उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल से कॉल किया एवं बताया कि मैं एसबीआई बैंक से बोल रहा हूँ आपके नाम पर क्रेडित कार्ड इश्यू हुआ है जो आपने क्रेडिट कार्ड का बकाया पैसा जमा नहीं किया है आपके खाते में मनी लॉण्ड्रिग की कई है उक्त व्यक्ति उसे 2-3 दिन तक डराता धमकाता रहा और बोला आपके खिलाफ थाना मे एफआईआर कर रहा हूँ तो वह डर गयी थी, उक्त व्यक्ति ने बोला कि आपको मामला रफा दफा करने के लिये कुछ पैसे जमा करने होंगे

# संस्था द्वारा सरकारी स्कूल में निर्धन छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लाईट ऑफ ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी जबलपुर द्वारा सरकारी स्कूल गोकलपुर में अध्ययनरत निर्धन एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को स्वेटर, स्नेक्स आदि वितरित किए गए। संस्था के वालंटियर्स द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया। और उपरोक्त सामग्री नि: शुल्क देकर प्रोत्साहित भी किए।

बच्चे और स्कूल स्टाफ एक स्वर में बड़े हर्ष से संस्था के सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिए। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले वॉलेंटियर्स वरिष्ठ समाज सेवीसंजय कुमार सोनी,शिवराम मीणा, सुंदर लाल, , नितिन बर्गमेन, रवि कोल ,संतोष कुमार परस्ते, जे. पी. बघेल, तीरथ सिंह, पंकज सिक्का,अनंत कुमार, नितिशा इंगले , एस एस चंदेल, साकेत बारमाटे, नीलेश वर्मा,पंकज कुमार गौतम, अजय अवस्थी, रुपेश रावत, हरि कृष्णा, लक्ष्मी परस्ते, विवेक तिवारी, राजकुमार झा, चेतराम मीणा, अनामिका पटेल, आयुषी चंदेल, गोपाल सिंह ठाकुर, नेहा मीना, माधव शरण राज , पी विजय कुमार जॉनसन, नीलेश वर्मा, तीरथ सिंह, संजय सोनबेर, जे एस ठाकुर, रवि कोल, रामेंद्र गंगवार, आयुषी चंदेल, , रीता प्रधान, रुकशा हल्दकार , तरुण सिंहमारे, , मेघ राज बकोरिया, , आयुष चंदेल,राजेन्द्र रजक , उपेन्द्र सिंह,मनीष गुप्ता, क्षमा ठाकुर, शुभम, बृजेश गौतम, मेघ राज भरसकर, हेमा झा, शांतम सोनी, आदि का योगदान निरंतर करते आ रहे हैं।

# चुनार स्टेशक तक बढ़ाई गई इटारसी-प्रयागराज छिवकी ट्रेन के फेरों में वृद्धि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन को चुनार स्टेशन तक चलाने का निर्णय लिया गया था। प्रयागराज छिवकी से चुनार के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के फेरों में बढ़ोत्तरी की गई है। अर्थात जिन तिथियों में यह ट्रेन चुनार तक नहीं जा रही थी अब उन तिथियों में भी चुनार तक चलाई जाएगी, जिसका विवरण निम्न है। अब गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 19 जनवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक निरंतर प्रतिदिन चुनार तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन इटारसी स्टेशन से 17~15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह प्रयागराज छिवकी 09~55 बजे पहुँचकर, 10~15 बजे प्रस्थान कर, मेजा रोड 11~10 बजे, माण्डा रोड 11~30 बजे, विन्ध्याचल 11~58 बजे, मिर्ज़ापुर 12~13 बजे पहुँचकर, दोपहर 13~30 बजे चुनार स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 20 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक निरंतर प्रतिदिन चुनार से चलाई जाएगी। यह ट्रेन चुनार स्टेशन से सायं 16~30 बजे प्रस्थान कर मिर्ज़ापुर 16~55 बजे, विंध्याचल 17~13 बजे, माण्डा रोड रोड 17~45 बजे, मेजा रोड 18~08 बजे, प्रयागराज छिवकी 19~45 बजे पहुँचकर तथा रात्रि 20~15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 11~30 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी। बढ़ी हुई फेरों एवं ट्रेन के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है।

# शहर की सड़कों के पेंच रिपेयरिंग कायों में आयेगी तेजी, श्रम और समय दोनों की होगी बचत - निगमाध्यक्ष

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम के बेड़े में दो नग अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों के अलावा 12 नग टिपर आज शामिल हुए। इनके शामिल होने से एक ओर सड़कों के पेंच रिपेयरिंग के कार्यो में तेजी आयेगी वहीं दूसरी और श्रम और समय दोनों की ही बचत होगी। इसी प्रकार 12 टिपर सी.एन.जी. युक्त जो स्वच्छता के कार्यो में सहयोग करने के लिए लगाई जायेगी, इससे स्वच्छता एवं वायु गुणवत्ता के कार्यो में भी तेजी आयेगी। आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, मेयर इन काउंसिल के सदस्य एवं विभाग प्रभारी श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा आई.डी.बी.आई. बैंक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर नगर निगम प्रांगण से रवाना किया गया। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि 3 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत के मशीने नगर निगम के बेड़े में शामिल हुई हैं, जिसमें 1 करोड़ रूपये की लागत के 12 टिपर स्वच्छता कार्यो के लिए आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा प्रदान किये गए। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि 2 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत की 2 अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीने नगर निगम द्वारा क्रय की गयी हैं, जो सड़कों के पेंच वर्क के काम में लगाये जायेगें और गड्ढा मुक्त सड़क की कल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाये जायेगें।

निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि दो नग अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों से एक ओर सड़कों के पेंच रिपेयरिंग के कार्यो में तेजी आयेगी वहीं दूसरी और श्रम और समय दोनों की ही बचत होगी। वाहनों के पूजन और लोकार्पण के दौरान अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी, शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक यंत्री मनीष तड़से, देवेन्द्र चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव के अलावा आई.डी.बी.आई. बैंक के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विसर्जन कुंड बना मौत का कुआं, आयोग ने संज्ञान लेकर कलेक्टर से मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिले के पनागर नगर के गुरुनानक वार्ड स्थित मुख?य मार्ग के किनारे गणेश जी एवं दुर्गा जी के विसर्जन के लिये बनाया गया अस्थायी कुंड आज भी जस की तस स्थिति में होने का मामला सामने आया है। इस कारण आये दिन सड़क किनारे रोजाना हादसे हो रहे है एवं बेसहारा मवेशी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। रहवासियों द्वारा इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन हालत वैसे के वैसे ही बने हुये है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप?ताह में मांगा है।

# जबलपुर संस्कारधानी से 26 जनवरी को उत्तराखंड केदरकांठा 12500 फीट पर लहराएंगे तिरंगा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर से पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा टीम लीडर व उनके साथ 9 प्रतिभागी इस अभियान में अन्य शहर जिलों से शामिल होंगे जो की उत्तराखंड व केदरकांठा 12500 फीट पर 26 जनवरी को भारत देश का राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे सौरभ का कहना हैं कि वह अपनी टीम के साथ 21 जनवरी को सुबह 6~00 बजे जबलपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होंगे और दिल्ली से होते हुए उत्तराखंड देहरादून से कोट गांव संकरी से ट्रैक करते हुए माउंट केदरकांठा 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराएंगे इस टीम में मेघना लोधी, अंजलि चक्रवर्ती, मोहिनी विश्वकर्मा, विपुल जिउत राजभर जी, माही शर्मा, देवेश चौधरी, प्रभा, और नीलम सोनी शामिल है, सौरभ इससे पहले भी बड़े-बड़े अचीवमेंट कर चुके हैं और अक्टूबर माह 2024 में जबलपुर की गर्ल्स महिला टीम भृगु लेक हिमाचल प्रदेश 14500 फीट की ऊंचाई में जाकर भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर और साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए जबलपुर संस्कारधानी की प्रथम गर्ल्स टीम बनाने में भूमिका भी निभाया था। विष्णु विनोदिया रविन्द्र कुशवाहा पर्वतारोही सौरभ कुशवाह ।



# फसल विविधीकरण से हुई किसान की आय में वृद्धि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।-कृषि अधिकारियों ने आज सोमवार को सिहोरा के ग्राम धमधा में कृषक नरेंद्र कुमार साहू द्वारा की जा रही आलूए मसूरए चना एवं स्टीविया की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा रवि कुमार आम्रवंशी एवं कृषि विस्तार अधिकारी श्री बृषभान अहिरवार मौजूद रहे।

कृषक श्री साहू द्वारा एफसी 5 किस्म की आलू की फसल 10 एकड़ में लगाई गई है। खरीफ के मौसम में मक्का की फसल का निरीक्षण करने आए श्री आम्रवंशी ने कृषक को आलू और मूंगफली की खेती करने के लिए प्रेरित किया था। उसके बाद कृषक द्वारा आलू की खेती करने वाले अन्य किसानों से संपर्क किया एवं आलू की खेती करने के लिए सहयोग प्राप्त कर इस वर्ष आलू की फसल ली गई है। आलू की बोनी करने के लिए किसान श्री साहू ने फसल विविधीकरण का सहारा लिया और उसकी आय में वृद्धि हुई है।

## अनेकांत साहित्यिक संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

# आज लेखनी ने कागज पर मन के भाव उकेरे हैं

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कुछ ऐसी ही शानदार पंक्तियों से सजी अनेकांत संस्था की काव्य गोष्ठी में संस्कारधानी जबलपुर के श्रेष्ठ रचनाकारों ने गौरवशाली सहभागिता दी। प्रो. अरुणा पांडे जी के मुख्य आतिथ्य में, श्रीमती मिथलेश नायक कमल की अध्यक्षता में, मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण जी, मंगल भाव मदन श्रीवास्तव जी, विशिष्ट अतिथि जी एल जैन, संतोष नेमा संतोष जी, सारस्वत अतिथि मिथिलेश बड़गैंया, संयोजन राजेंद्र मिश्रा एवं संस्था अध्यक्ष डॉ संध्या जैन श्रुति की उपस्थिति में श्रीमती अनुकंपा नायक की सस्वर सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। काव्य गोष्ठी में यशोवर्धन पाठक, अमर सिंह वर्मा, मनोज शुक्ला मनोज, सुभाष जैन शलभ, प्रमोद दाहिया, अमित सिंह बाबा कमलेश कुमार नाहटा, कालिदास ताम्रकार, रत्ना ओझा रत्न, रश्मि पांडे शुभि, सुषमा खरे, एडवोकेट प्रभा खरे, डॉ शोभा सिंह, अर्चना गोस्वामी, निर्मला डोंगरे, श्रीमती मेनका श्रीवास्तव, अनुराधा गर्ग दीप्ति, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, तरुणा खरे, चंदा देवी स्वर्णकार ने स्वरचित रचनाओं का वाचन किया कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र मिश्रा एवं नारायण तिवारी द्वारा किया गया। प्रमोद दाहिया एवं चौधरी आशा निर्मल जैन ने आभार व्यक्त किया।

## रॉंझी जलशोधन संयंत्र से 10 दिनों तक जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि जलशोधन संयंत्र रॉंझी से भरी जाने वाली उच्च स्तरीय टंकी रॉंझी मुक्तिधाम में लीकेज हो गया है। उक्त उच्च स्तरीय टंकी का सुधार कार्य कल दिनांक 21 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। जिससे रॉंझी मुक्तिधाम उच्चस्तरीय टंकी से होने वाली जलापूर्ति आगामी 10 दिनों तक प्रभावित रहेगी, प्रभावित क्षेत्र जिसमें रविदास नगर-1, रविदास नगर-2, मन्ना बाबा, खेरमाई मंदिर, मुक्तिधाम के पीछे, मुक्तिधाम मार्ग के दोनों ओर हनुमान नगर रॉंझी आदि हैं। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', एम.आई.सी. सदस्य एवं जल प्रभारी दामोदर सोनी, एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने खेद व्यक्त किया है। जिन स्थानों पर जलापूर्ति ननहीं होगी उन स्थलों पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी।



भोपाल ( आरएनएस )। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नरसिंहपुर में राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहराकर ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का आयोजन सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगाँव और मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगाँव में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के गठन से लेकर अब तक सहयोगी के रूप में शामिल वरिष्ठजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के फिटनेस और स्वास्थ्य के विज़न का अहम हिस्सा है फिट इंडिया मूवमेंट-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



## हम नई राष्ट्रीय खेल नीति लेकर आ रहे हैं -केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम खेल और खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। हम सच्ची खेल भावना के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आज प्रदेश के पहले फिट इंडिया क्लब की शुरूआत हई है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर विज़न का एक अहम हिस्सा है। फिट इंडिया क्लब बनाने की बात अब पूरे प्रदेश में सकारात्मक रूप से गांव-गांव तक जाएगी। इससे बच्चे और बुजुर्ग सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि खेल को हमारी सरकार ने अब एक पाठ्यक्रम (विषय) बना दिया है। छात्र इस विषय में शिक्षा ग्रहण कर व्याख्याता, सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षक आदि फील्ड में अपना कैरियर बना सकेंगे। हमने प्रदेश के खेल और खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गौतम नगर में फिट इंडिया क्लब के प्रथम चरण का लोकार्पण एवं दूसरे चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय श्रम और रोजगार, युवा कार्य एवं खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया विशेष रूप से उपस्थित थे।

**कम समय में फिट इंडिया क्लब की स्थापना प्रशंसनीय**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट बनाने के लिए हमें अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ना होगा। हमारा इतिहास शारीरिक कला कौशल और पराक्रम की कहानियों से भरा पड़ा है। कम समय में फिट इंडिया क्लब की स्थापना वाकई बेहद प्रशंसनीय है। इसके लिए खेल विभाग और नगर निगम भोपाल बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो-बढ़ो अभियान खिलाड़ियों के लिए एक अवसर है। यह प्रतिभा को संवारने के लिए खिलाड़ियों को मिला एक मंच है। खिलाड़ी पूरी मेहनत और लगन से इससे जुड़े और अपनी प्रतिभा को संवारे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और आधुनिक अधोसंरचना के जरिए उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है। फिट इंडिया मूवमेंट युवाओं को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

**हमारे युवा देश की आस हैं और अपेक्षा भी - केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया**

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हमारे युवा देश की आस हैं और अपेक्षा भी। हम इन्हें फिर से फिट रखने की कोशिश कर रहे हैं। देश में खेलों की अधोसंरचनाओं का विकास किया जा रहा है। हम बहुत जल्द नई राष्ट्रीय खेल नीति लेकर आएंगे। इसमें खेलों, खेल अधोसंरचनाओं, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम 2036 में देश में ओलंपिक खेल आयोजित कराना चाहते हैं। इसके लिए हमें देश की खेल अधोसंरचनाओं का विकास कर वैश्विक स्तर पर टॉप-टेन कंट्री में आना है। हम 9 से 15 वर्ष के सभी खिलाड़ियों को सभी प्रकार के अवसर देंगे। उनके आगे आने के बाद हम उन्हें सभी जरूरी प्रशिक्षण देकर उनके आहार पर विशेष ध्यान देंगे। सरकार हर खिलाड़ी की प्रतिभा के अनुसार उसके खेल का विकास कर उसे और हुनरमंद बनाएगी।

केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है। जो खेलता है, वही एकाग्र होकर आगे बढ़ता है। हम देश के परंपरागत खेलों को भी विकास की धारा से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। खेलो-बढ़ो अभियान इसी दिशा में अभिनव पहल है। हमारा विभाग खेलों के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। हमें विकसित भारत बनाना है इसके लिए हमें खुद को फिट और ऊर्जावान रखना ही होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश में खेलो-बढ़ो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट इंडिया क्लब के गठन, इसके उद्देश्यों और भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए प्रदेश के 435 खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स किट का वितरण भी किया गया।प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने फिट इंडिया क्लब के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश खेलों को नई दिशा देने की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब आज लोकार्पित किया गया है। यह चार चरणों में बनाया जा रहा है। पहले चरण का लोकार्पण आज हुआ है। साथ ही दूसरे चरण का भूमिपूजन भी आज ही हुआ है। हम चार चरणों में प्रदेश की खेल प्रतिभाओं और फिट इंडिया क्लब की स्थापना के लिए सभी जरूरी मदद और प्रोत्साहन देंगे। सभी जरूरी खेल अधोसंरचनाओं का निर्माण कर हम प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में सम्मिलित होने की क्षमता तक तैयार करेंगे।

**सात विभागीय खेल अधोसंरचनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेल संरचनाओं का वर्चुअली लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य प्रदेश में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देना और खेल प्रतिभाओं को अपने कला-कौशल को उभारने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना है। सतना जिले के नागौद में, सीहोर जिले के बुधनी में, हरदा जिले के टिमरनी में, मंदसौर जिले नारायणगढ़ में इंडोर हॉल और अलीराजपुर जिले के जोबट में आउटडोर स्टेडियम का लोकार्पण एवं शिवपुरी में हॉस्टल भवन का भूमिपूजन किया गया।

फिट इंडिया क्लब के तहत आगामी महीनों में विभिन्न खेल आयोजनों और फिटनेस अभियानों की योजना भी बनाई गई है। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फीता काटकर फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण किया। इसके बाद सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर वहां खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने ट्रेड मिल पर चलकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव ने आभार माना। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय सहित जन-प्रतिनिधि, श्री रविन्द्र यति, श्री राहुल कोठारी, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव, संचालक खेल श्री रवि कुमार गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# आपके सहयोग से ग्वालियर उप नगर की बदल रही है तकदीर और तस्वीर-ऊर्जा मंत्री तोमर



भोपाल(आरएनएस) -ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को 366 हितग्राहियों को कामकाजी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन और राशन पात्रता पर्चियों का वितरण रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में किया। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, लेकिन यह सब हो पा रहा है ईश्वर की कृपा से वर्ना हम और आप तो निमित्त मात्र हैं। लेकिन आप और आपका सेवक जागरुक है इसलिए यह सब संभव हो पाया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 366 हितग्राहियों को हित लाभ के प्रमाण-पत्र वितरित किए गये। इसमें 116 महिलाओं को महिला कामकाजी कार्ड 116, 112 हितग्राहियों को राशन पात्रता पर्ची, 26 वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन, 13 बहिनों को कल्याणी पेंशन, 2 लोगों को निःशक्तजन पेंशन प्रमाण पत्र तथा 98 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा यह सेवक आपकी सेवा के लिए कार्य कर रहा है। आज ग्वालियर उप नगर की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन, केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया और आप सभी के सहयोग से संभव हो सका है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में सिविल अस्पताल हजीरा आपने पहले भी देखा था और आज भी देख रहे हैं।

# कन्यादान महादान है इसमें सभी की भावनाएं जुड़ी है-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब वर्ग के लिए अनेक योजनाएँ संचालित कर रही है। इन योजनाओं से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के साथ उन्हें आत्म-निर्भर बनाया जा रहा है। शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन गरीब परिवारों के लिए वरदान बनी है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का धूमधाम से विवाह करने में असमर्थ है। ऐसे परिवारों की चिन्ता राज्य सरकार कर रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंदसौर जिले के संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदीखेडी, खजुरिया सारंग में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विवाह सम्मेलन में 76 जोड़ों को योजना की राशि के चेक भी प्रदान किये गये। मंदसौर जिले की प्रभारी एवं महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया भी



उपस्थित थीं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। जन-भागीदारी से जुड़ा हुआ इस तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन है। ऐसे आयोजन में सभी की भावनाएं जुड़ी है। कन्यादान एक बहुत बड़ा दान होता है। वर-वधु एवं परिवार वालों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को कई प्रदेशों ने अपनाया है। इस योजना के माध्यम से समय और धन दोनों की बचत होती हैं। इस दौरान उन्होंने बेहपुर में मांगलिक भवन बनाने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने नारायणगढ़ में एक करोड़ 69 लाख से निर्मित इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का लोकार्पण किया। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने रोटीराम महाराज की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि यहां पर आना हम सभी का सौभाग्य है। सभी लोग गौ माता के महत्व को समझें और गौ-माता की पूजा करें। उन्होंने सभी वर वधु को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी का जीवन खुशियों से भरपूर हो। दांपत्य जीवन सुखमय हो। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा एवं मंत्री सुश्री भूरिया ने मंदसौर में जन जागरूकता के लिए टीबी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से जिले में 100 दिवसीय टीबी जन-जागरूकता अभियान चल रहा है। समाजसेवी श्री नारु भाई 24 मार्च तक स्वयं के खर्च पर टीबी रथ का संचालन करेंगे। समाज में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन समुदाय को जुड़ने के लिए अपील की गई।

# मध्यप्रदेश बना 'त्वरित' डिजिटल इनिशिएटिव अपनाने वाला पहला राज्य

## न्यायमूर्ति श्री अभय एस. ओक ने दो दिवसीय मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश सम्मेलन में किया 'त्वरित' इनिशिएटिव और 'ई-ज्योति' जर्नल का शुभारंभ

भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के दो दिवसीय मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति श्री अभय एस. ओक ने ई-ज्योति जर्नल और त्वरित नामक अत्याधुनिक डिजिटल इनिशिएटिव का शुभारंभ किया। त्वरित के माध्यम से सम्मन और वारंट की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक भी की जा सकेगी। मध्यप्रदेश इस पहल के लिए नियमों को अधिसूचित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जो न्यायिक प्रणाली में डिजिटल नवाचार का एक अनुकरणीय उदाहरण है। न्यायमूर्ति श्री ओक ने न्याय प्रणाली में जिला न्यायालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जिला न्यायाधीशों से पुराने लंबित मामलों के निराकरण को प्राथमिकता देने और नवीन दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुरेश कुमार कैत, न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और अन्य न्यायाधीश सम्मिलित हुए। सम्मेलन में प्रदेश के सभी मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (स्क्कस्स्र), राज्य न्यायिक अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी, और अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। मध्यप्रदेश उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुरेश कुमार कैत ने जरूरतमंद और गरीब याचिकाकर्ताओं को कानूनी सहायता प्रदान किये जाने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जिला न्यायालयों के न्यायधीशों से आह्वान किया कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन और श्रेष्ठ नेतृत्व से जिलों में सेवारत न्यायिक अधिकारियों को प्रेरित करें।



## सौरभ शर्मा मामले में आठ ठिकानों पर ईडी की रेड

ग्वालियर (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने गत दिवस भोपाल और ग्वालियर में आठ जगह छापे मारे हैं। कार्रवाई पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार केके अरेरा के ठिकनों पर की गई है। भोपाल में इंद्रपुरी स्थित नवोदय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्याम अग्रवाल के ठिकानों समेत चार जगह जबकि ग्वालियर में मुरार स्थित सीपी कॉलोनी समेत चार जगहों पर छापे मारे गए हैं। अरेरा आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से जुड़े बताए जा रहे हैं।

# विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित किया गया स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र ने सेना, राजनीति व न्याय आदि क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध शख्सियत देकर विंध्य का गौरव बढ़ाया है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास के दौरान प्रवास किया था, इसके साथ ही विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट स्थान रखता है, वहीं यह क्षेत्र विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया जा रहा है और सकारात्मक तथा रचनात्मक कार्य से विंध्य का नाम ऊंचा हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में आज जबलपुर के बारहा स्थित रॉयल हेरीटेज पब्लिक स्कूल प्रांगण में श्री विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा विशाल स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री अशोक रोहाणी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासकीय और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के स्किल का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक निधि से सांसद और विधायक गरीब बच्चों को बढ़ाने का बीड़ा उठायें। क्योंकि भारतीय संस्कृति में अन्नदान, शिक्षादान और कन्यादान का विशेष महत्व है। इसलिये समाज की उन्नति की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी को समाज की चिंता करनी चाहिए। जबलपुर व प्रदेश के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय हो, यहां की संभावनाओं को तलाशे और पूरे क्षेत्र को इको टूरिज्म बनायें।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने न्यायाधीश जी.पी. सिंह की जीवनी का किया विमोचन



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यायाधीश श्री जी.पी. सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वे सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उनके कर्म, ज्ञान एवं चरित्र की त्रिवेणी से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। उनके द्वारा दिये निर्णय न्याय क्षेत्र में आधार बन जाते हैं। उन्होंने विंध्य तथा मध्यप्रदेश का नाम ऊंचा कर लोकतंत्र को सही राह दिखाई। समाज में दिशाहीनता को समाप्त करने के लिए ऐसे आदर्शो और चरित्रों पर लिखी जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां ऐसे महान चरित्र को पहचान सके और बुराईयों को दूर करने में अपना योगदान दे सके। न्यायाशीध श्री जी.पी. सिंह समाज के ऐसी धरोहर और विभूति है, जिससे समाज प्रेरणा लेता रहेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य भवन कटंगा जबलपुर में न्यायाधीश श्री जीपी सिंह की जीवनी का विमोचन किया। इस अवसर पर मंचस्थ न्यायाधीशों ने भी न्यायाधीश श्री जी.पी. सिंह के जीवन से जुड़े उल्लेखनीय कार्यो का जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि उक्त जीवनी वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वी.एस. श्रोती ने लिखा है। इस अवसर पर जस्टिस श्री आर.एस. झा, जस्टिस श्री पी.पी. नावलेकर, जस्टिस श्री वी.के. शुक्ला, महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता श्री आर.एन. सिंह सहित विधि जगत के ख्यातिलब्ध न्यायाधीश मौजूद थे। विमोचन समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री आशीष दुबे सहित गणमान्य नागरिक मौजदू थे।

## मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ में आयोजित 'एकात्म धाम शिविर' में अद्वैत लोक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

# एकात्म धाम से जाएगा महाकुंभ का संदेश, आचार्य शंकर हमारे आदर्श-आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि

भोपाल (आरएनएस) आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर 18 में स्थित एकात्म धाम शिविर में शुक्रवार को जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने न्यास द्वारा आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित प्रदर्शनी 'अद्वैत लोक' का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने एकात्म धाम शिविर को महाकुंभ का सबसे अद्भुत शिविर बताते हुए कहा कि यह शिविर एकत्व की बात करता है और इसका संदेश भगवान आद्य शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत पर आधारित है। इस विश्व को जब भी समाधान की आवश्यकता होगी, वह अद्वैत वेदांत में ही मिलेगा। ए.आई. के युग में सत्य की खोज के लिए वेदांत की ओर जाना ही एकमात्र मार्ग होगा। महाकुंभ का जो संदेश पूरे विश्व में जाना चाहिए, वह एकात्म धाम से





जाएगा। विश्व में अशांति कलह,युद्ध सभी का समाधान अद्वैत है। सभी नामरूपो में एक ही ब्रह्म अनेकरूपता एक ब्रह्म का विस्तार समस्त विश्व को यह सत्य आद्य शंकर ने दिया। सत्य की खोज की प्रामाणिकता सिद्ध करने हेतु वेदांत की ओर जाना ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि यहां आकर मैं आल्हादित एवं गौरवान्वित हूँ। मुझे प्रसन्नता है कि मैं भी न्यास का हिस्सा हूँ, यह कल्पनाओं से परे है, ऐसा अद्भुत शिविर मैंने कहीं नहीं देखा। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा तैयार एकात्म धाम शिविर एवं अद्वैत वेदांत युवा जागरण शिविर की लघु फ़िल्म का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित शंकरदूतों और श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अद्वैत वेदांत के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके आध्यात्मिक और सामाजिक पक्ष को समझाया।

फिल्म लोकार्पण के बाद पद्मश्री मधुप मुद्गल ने साउंड्स ऑफ़ वननेस के अंतर्गत कबीर की वाणी में अद्वैत के भावों को प्रस्तुत किया। उनकी सांगीतिक प्रस्तुति ने श्रोताओं को अद्वैत के रस से आनंदित कर दिया। कबीर की वाणी और संगीत के माध्यम से अद्वैत का अनुभव प्रदान करते हुए उन्होंने श्रोताओं को बताया कि एकत्व और सत्य का मार्ग ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है।

इस अवसर महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती सहित संतजन उपस्थित रहे। एकात्म धाम शिविर, अद्वैत वेदांत के लोकव्यापीकरण का प्रमुख केंद्र बनकर महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। यहाँ होने वाली गतिविधियां अद्वैत दर्शन के गूढ़ तत्वों को सरलता से जनमानस तक पहुँचाने का कार्य कर रही हैं। सोमवार की शाम 6 बजे प्रसिद्ध गायक अलंकार सिंह गुरुवाणी में अद्वैत भाव का गायन करेंगे।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार

समस्या बनी रही यह समझ है कि सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो। केंद्र के डिजिटल निजी डेटा संक्षरण (डीपीडीपी) विधेयक प्रारूप को लेकर पैदा हुए अंदेशों के पीछे एक वजह तो वर्तमान सरकार के पुराने रिकॉर्ड से पैदा हुआ अविश्वास है। समाज के एक बड़े हिस्से में धारणा गहरे बैठी हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार नागरिक जीवन के हर पहलू पर शिकंजा कसना चाहती है। बहरहाल, धारणाओं को छोड़ दें और आम जन की राय मांगने के लिए सार्वजनिक किए गए प्रारूप पर ध्यान दें, तो भी ये नहीं लगता कि सरकार का मकसद निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार को मजबूती प्रदान करना है। बल्कि लगता है कि वह सारे डेटा पर अपना नियंत्रण अधिक मजबूत करना चाहती है।

इसका एक प्रमुख पहलू डेटा को देश से विदेश ले जाने को नियंत्रित करना है। प्रावधान किया गया है कि जो कंपनियां यूजर्स डेटा हासिल करती हैं, उन्हें देश का डेटा देश के अंदर ही रखना होगा। हालांकि सरकार की तरफ से यह सफाई भी दी गई है कि इस प्रावधान को सिर्फ कुछ जरूरी मामलों में लागू किया जाएगा। वे मामले कौन-से होंगे, इसका निर्णय संबंधित मंत्रालय करेंगे। आज दुनिया भर में ट्रेंड डेटा को देश में रखने के लिए कंपनियों को मजबूर करने का है। मगर उसके साथ ही डेटा पर पहला अधिकार संबंधित व्यक्ति का है, यह सिद्धांत भी तेजी से स्वीकार्यता हासिल करता गया है। मगर भारतीय प्रारूप में इस निर्णय का अधिकार सरकार हासिल करती दिखती है।

# कश्मीर से पंडितों के पलायन के चार दशक

हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सितम्बर 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15त्न कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1त्न से नीचे होकर 0त्न की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के क़दमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टत: सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19जन. 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें। घरों पर धमकी भरें पोस्टर चिपकाने की इस बदनाम घटना से भी भारत और कश्मीरी सरकारें चेती नहीं और परिणाम स्वरुप पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर धूं-धूं जल उठे। तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला इन घटनाओं पर रहस्यमयी आचरण अपनाए रहे, वे कुछ करनें का अभिनय करते रहे और कश्मीरी पंडित अपनी ही भूमि पर ताजा इतिहास की सर्वाधिक पाशविक- बर्बर-क्रूरतम गतिविधियों का खुले आम शिकार होते रहे, घाटी में पहले से फैली अराजकता चरम पर पहुँच गई। कश्मीरी पंडितों के सर काटे गए, कटे सर वाले शवों को चौक-चौराहों पर लटकाया गया। बलात्कार हुए, कश्मीरी पंडितों की स्त्रियों के साथ पाशविक-बर्बर अत्याचार हुए। गर्म सलाखों शरीर में दागी गई और इज्जत आबरू के भय से सैकड़ों कश्मीरी पंडित स्त्रियों ने आत्महत्या करनें में ही भलाई समझी। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों के शवों का समुचित अंतिम संस्कार भी नहीं होनें दिया गया था, कश्यप ऋषि के संस्कारवान कश्मीर में संवेदनाएं समाप्त हो गई और पाशविकता-बर्बरता का वीभत्स नंगा नाच दिखा था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और हिजबुल मुजाहिदीन ने जाहिर और सार्वजनिक तौर पर इस हत्याकांड का नेतृत्व किया था। ये सब एकाएक नहीं हुआ था, हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सित. 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

## न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार

राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक %फ्रीबीज% की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को %रिश्वत% नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है! वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है! इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है! तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इस फ्रीबीज की चर्चा पुन: आवश्यक है, ताकि मतदाता जागरूक हो सकें। कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी %तलाक% ले लेती है! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार %गला मरोड़ने% में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं। चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है

## योगी सरकार के प्रयासों से महाकुम्भ में नजर आ रही सभी राज्यों की सांस्कृतिक समृद्धि और एकजुटता

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ के कैनवास पर देशभर की सांस्कृतिक विविधता का रंग चढ़ चुका है। संगम की रेत पर विभिन्न राज्यों के 12 शानदार पवेलियन सजकर तैयार हो गए हैं। उत्तर प्रदेश का महाकुम्भनगर देश का केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से देश विदेश में जाकर मंत्रियों ने खुद निमंत्रण बांटे हैं, जिसका बड़ा व्यापक असर देखने को मिल रहा है। योगी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से एक जगह पर ही एक साथ सभी राज्यों की सांस्कृतिक समृद्धि साफ देखी जा सकती है। सेक्टर 7 यहां आपको नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल लोक नृत्य समेत दादरानगर हवेली, छत्तीसगढ़, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। मध्य प्रदेश का पवेलियन इस बार जनजातीय भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। यह नृत्य आदिवासी समुदायों की होली से पूर्व मनाए जाने वाले भगोरिया उत्सव का हिस्सा है, जिसमें रंग-बिरंगे परिधान, ढोल-मजीरे की गूंज और युवाओं का गुलाल से खेलते हुए नृत्य महाकुम्भ को और भी खास बना रहा है। इस नृत्य के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की गहरी जड़ें और उसे संरक्षित करने का संदेश भी दिया जा रहा है। यहां दस-दस दिन के अंतराल पर धार्मिक फिल्में भी दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा शाम 6ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया जाता है। मध्य प्रदेश मंडप में लगाई गई वैदिक घड़ी श्रद्धालुओं के आकर्षण का विशेष केंद्र बन गई है। यह दुनिया की पहली घड़ी है। इस वैदिक घड़ी का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 29 फरवरी को उज्जैन में किया था। इसे पंडाल के बाहर ही स्थापित किया गया है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु सेक्टर 7 पहुंच रहे हैं। राजस्थान का पवेलियन महाकुम्भ में अपनी ऐतिहासिक धरोहर को लेकर दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां के पवेलियन में राजस्थान के प्रसिद्ध किले हवा महल, जयगढ़, चित्तौड़ किला और विजय स्तंभ की झलकियां दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमाननवाजी भी इस पवेलियन में खूब की जा रही है। जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए लोग कतार लगाकर भोजन का स्वाद लेते देखे जा सकते हैं। राजस्थान के लोक संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम 45 दिनों तक लगातार चलेंगे। गुजरात का गरबा, आंध्र प्रदेश का कुचिपुड़ी, उत्तर प्रदेश का जोगिनी नृत्य, उत्तराखंड का छोलिया और छत्तीसगढ़ का छेरछेरा नृत्य महाकुम्भ के मंच पर अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। हर राज्य ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को अद्वितीय तरीके से प्रस्तुत किया है। दादरा नगर हवेली का मुखौटा नृत्य, नागालैंड का चांगलो और लेह लद्दाख का शोंडोल भी इस महाकुम्भ की सांस्कृतिक धारा में रंग भर रहे हैं। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने कला और साहित्य के रचनात्मक विकास को भी बढ़ावा दिया है। यहां सांस्कृतिक प्रदर्शन, संगीत, नृत्य और प्रदर्शनी के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं का संचार किया जा रहा

## बांग्लादेश पर अराकान आर्मी का हमला, भारत के सामने सुनहरा अवसर

बांग्लादेश एक भीषण संकट से घिर गया है। उसे उसकी औकात पता चल गई है। बांग्लादेश जिस वक्त भारत को धमकी देने में व्यस्त था और अपने देश में हिंदुओं पर हो रहे हमले पर मौन था ठीक उसी वक्त उस पर बहुत बड़ा हमला हुआ है। म्यांमार की विद्रोही अराकान आर्मी ने बांग्लादेश की 271 किलोमीटर की सीमा पर कब्जा कर लिया है। वहां रॉकेट लांचर और ड्रोन से भी भीषण हमले की बात कही जा रही है। यानी बड़बोले बांग्लादेश की हालात अभी खुद को सुरक्षित करने में है। क्यों की अराकान आर्मी के हमले के बाद वहां की जनता में दहशत है। आरोप लगाया जा रहा है कि उक्त हमले भारत के संकेत पर किए जा रहे है। बांग्लादेश के हालात तो यह है कि, वहां राजनीतिक और आर्थिक संकट के साथ, अब देश की सीमाएं भी खतरे में आ गई हैं। म्यांमार की उग्रवादी अराकान आर्मी (एए) ने बांग्लादेश के टेकनाफ क्षेत्र के तमाम हिस्सों पर कब्जा कर कर दना दन हमले कर रही है। बांग्लादेश में इन दिनों कट्टरपंथियों के बढ़ गए वर्चस्व के कारण स्थानीय मीडिया भी मौन है। बांग्लादेश व म्यांमार की सीमा पर अराकान आर्मी और बांग्लादेशी बलों के बीच लगातार गोलीबारी हुई है।

## बेरोजगारी और भी बढ़ेगी

इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक साल पहले युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी और अब निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रमण्यम ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि कामगारों को हफ्ते में 90 घंटे काम करने को तैयार रहना चाहिए।

इतने पर ही नहीं रु के, आगे कहा कि एक्स्ट्रा रिजल्ट के लिए एक्स्ट्रा काम करना होगा और इसके लिए रविवार को भी काम करना चाहिए। आखिर, घर में रह कर मजदूर बीवी का मुंह कितनी देर तक निहारते रहेंगे। अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदानी ने भी उनकी बातों का समर्थन करते हुए कहा कि अगर काम ही नहीं रहा तो बीवी घर से भाग जाएगी और फिर क्या होगा?

एल एंड टी के चेयरमैन के बयान के बाद देश में फिर से मजदूरों के काम के घंटे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कॉरपोरेट जगत के अंदर भी इसका विरोध हो रहा है।

आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की आलोचना करते हुए कहा, एक हफ्ते में 90 घंटे काम? रविवार को %सन-ड्यूटी' क्यों न कहा जाए और %छुट्टी' को एक मिथकीय अवधारणा क्यों न बना दिया जाए! वर्क-लाइफ बैलेंस वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी है। यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब भारत में पहले से ही लोग सबसे ज्यादा काम करते हैं, तो क्यों कामगारों के घंटे बढ़ाने की बात उठती रहती है? अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय सबसे ज्यादा काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति सप्ताह 46.7 घंटे, चीन में 46.01, ब्राजील में 39, अमेरिका में 38, जापान में 36.6, इटली में 36.3, ब्रिटेन में 35.5, फ्रांस में 35.9, जर्मनी में 34.2 और कनाडा में 32.5 घंटे मजदूरों से काम कराया जाता है। इन आंकड़ों के बावजूद भारत में काम के घंटे बढ़ाने के लिए जब-तब शिगूफा छोड़ा जाता रहा है।

सच तो यह है कि पूरी बहस को इसलिए संचालित किया जा रहा है ताकि मोदी सरकार द्वारा मार्च, 2025 में लाए जाने वाले लेबर कोड, जिसमें काम के घंटे 12 कर दिए जाने हैं, की सामाजिक स्वीकृति हासिल की जा सके। इसके लिए बीच-बीच में इस तरह की चर्चाएं शुरू करवाने का ताना-बाना बुना जाता है। सच तो यह है कि दुनिया में काम के घंटे बढ़ाने के तकरे के विरुद्ध र्आिर्टफशियल इंटेलीजेंस के दौर में काम के घंटे कम करने की कवायद- कार्रवाई हो रही है। तमाम देशों में सप्ताह में चार दिन काम की पद्धति शुरू हुई है।

### श्रद्धालुओं के अमृत स्नान की लाइफलाइन बने पीपे के पुल

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ के भव्य आयोजन में पीपे के पुलों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। विराट आयोजन में संगम क्षेत्र और अखाड़ा क्षेत्र के बीच पीपे के पुल अद्भुत सेतु का काम कर रहे हैं। प्रशासन ने 40 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेले को 25 सेक्टरों में विभाजित किया है। पीपे के पुल महाकुम्भ का अभिन्न अंग हैं। ये पुल कम रखरखाव वाले होते हैंए लेकिन इनकी 24 घंटे निगरानी जरूरी होती है।

लोक निर्माण विभाग के अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि पीपे के पुल अस्थायी पुल है। पानी की सतह पर तैरने वाले लोहे के बड़े खोखले डिब्बों ;पांटूनद्ध के सहारे बनाया जाता है। इन्हें प्रयागराज में आम बोलचाल की भाषा में ष्पीपे का पुलष् कहा जाता है। महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं को सहज आवाजाही देने के लिए बनाए गए ये पुल न केवल आम नागरिकों बल्कि 13 अखाड़ों की भव्य छावनी प्रवेश और अमृत स्नानए राजसी स्नान के दौरान रथए हाथी.घोड़े और 1ए000 से अधिक वाहनों के आवागमन को भी सुनिश्चित कर रहे हैं। अगस्त 2023 में उन्हें इस विराट कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। महाकुम्भ के लिए 30 पीपे के पुलों के निर्माण में 2ए213 पांटून ;विशाल लोहे के खोखले डिब्बेद्ध का उपयोग किया गयाए जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

## परमाणु हथियारों के अवैधानिक हस्तांतरण

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

पाकिस्तान के परमाणु बम के निर्माता अब्दुल कादिर खान के बारे में कहा जाता है कि इस शख्स ने परमाणु बम बनाने की तकनीक को उन देशों तक पहुंचा दिया जहां से आतंकवादी संगठन, आपराधिक समूह या अन्य अस्थिर समूह परमाणु सामग्री का उपयोग करके पूरी दुनिया में विनाशकारी हमले कर सकते हैं।

सीआईए के पूर्व निदेशक जॉर्ज टेनेट ने एक बार कहा था कि खान उतना ही खतरनाक है, जितना कि ओसामा बिन लादेन। अब्दुल कादिर खान अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने लीबिया, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे अस्थिर और अधिनायकवादी देशों को परमाणु तकनीक और सामग्रियों का अनधिकृत हस्तांतरण करके वैश्विक सुरक्षा को संकट में डाल दिया। डॉ. खान ने 1990 के दशक के अंत से 2003 तक लीबिया को गुप्त रूप से सेंट्रीफ्यूज प्लांट और परमाणु हथियार डिजाइन की आपूर्ति की जिससे वहां हथियार कार्यक्रम बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने 1990 के दशक में उत्तर कोरिया और ईरान को सेंट्रीफ्यूज तकनीक भी हस्तांतरित की थी। 1990 में ही खान की परमाणु प्रयोगशाला ने कथित तौर पर इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को पत्र भेजा था जिसमें परमाणु सेंट्रीफ्यूज बनाने में सहायता की पेशकश थी।

एक बार फिर पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठान से जुड़े घटनाक्रम पर दुनिया की नजर है। दरअसल, ऐसी खबरें सामने आई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर सक्रिय आतंकी समूह तहरीक-ए-तालिबान ने कुछ पाकिस्तानी वैज्ञानिकों का अपहरण कर लिया है। इन परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण खैबर पख्तूनख्वा से किया गया है। पाकिस्तान की सेना, आईएसआई और वहां की सरकार की विसनीयता को लेकर अमेरिका समेत दुनिया भर में अविश्वास रहा है लेकिन इसके बावजूद इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया भर के आतंकी संगठन परमाणु बम बनाने की तकनीक प्राप्त करना चाहते हैं, इनमें अल-कायदा और आईएस का नाम सबसे ऊपर है। कम से कम दो पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों ने 2000-01 में अल-कायदा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, हालांकि अभी तक साबित नहीं हो पाया है कि उन्होंने परमाणु संबंधी जानकारी साझा की थी। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर वैश्विक चिंताएं रही हैं। 2008 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद अलबरदेई ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में अपनी आशंकाएं व्यक्त की थीं लेकिन पाकिस्तान ने उनकी चिंताओं को खारिज कर दिया और दोहराया था कि उसका परमाणु शस्त्रागार सुरक्षित है। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों और हथियारों की सुरक्षा वर्ष 2000 से देश के प्रमुख परमाणु संस्थान राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण (एनसीए) के एकीकृत नियंत्रण में है, जो दस सदस्यीय निकाय है। इसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, रक्षा, आंतरिक और वित्त मंत्री, सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक और सेना, वायुसेना और नौसेना के कमांडर शामिल हैं। परमाणु तैनाती के बारे में निर्णय लेने की शक्ति एनसीए के पास है। इसके अध्यक्ष, जो पाकिस्तान के राष्ट्रपति हैं, अंतिम वोट देते हैं। सेना, वायुसेना और नौसेना में से प्रत्येक के पास एक सामरिक बल कमान है, जो परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना, नियंत्रण और निर्देशों के लिए जिम्मेदार है। सामरिक योजना प्रभाग एनसीए के सचिवालय के रूप में कार्य करता है। परमाणु क्षमता के विकास एवं प्रबंधन का प्रभारी है और दिन-प्रतिदिन नियंत्रण रखता है। पाकिस्तान में फौज का सभी संस्थानों पर गहरा नियंत्रण है, और सेना के अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर वहां कोई स्वतंत्र और पारदर्शी निकाय काम नहीं करता है। यह भी दिलचस्प है कि पाकिस्तान के प्रमुख मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने पाकिस्तान की सेना पर यूरेनियम की चोरी को ईरान को तस्करी के बड़े षड्यंत्र के तहत अंजाम देने का आरोप लगाया है। मिर्जा ने दावा किया है कि पाकिस्तान की सेना लंबे समय से गुप्त रूप से परमाणु प्रौद्योगिकी बेचती रही है, जिससे वैश्विक सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से इस घटना की स्वतंत्र जांच की अपील की है। पिछले साल जुलाई में खैबर पख्तूनख्वा गृह विभाग ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक यात्रा सलाह जारी की थी, जिसमें बढ़तीं आतंकी गतिविधियों के कारण टैंक, डेरा इस्माइल खान, लक्की मारवात और बन्नू जैसे क्षेत्रों में बढ़ते जोखिमों की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी वैज्ञानिकों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात नहीं किए गए। खैबर-पख्तूनख्वा पाकिस्तान का सूबा है। इसे सूबा-ए-सरहद के नाम से भी जाना जाता है जो अफगानिस्तान की सीमा पर स्थित है। इसके दक्षिण में बलूचिस्तान है। बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा, दोनों प्रांतों में गहरी अशांति है, और आतंकी संगठन पाकिस्तान की सेना पर हमले करते रहते हैं। इन क्षेत्रों में कई कबाइली संगठन भी सक्रिय हैं, और भौगोलिक परिस्थितियां इतनी जटिल हैं कि मुजाहिद्दीनों से निपटने में पाकिस्तान की सेना नाकाम है। पाकिस्तान की सेना में धार्मिक संगठनों और कट्टरपंथ का गहरा प्रभाव है तथा आतंकी संगठनों को लेकर गहरे मतभेद हैं। पाकिस्तानी सेना के कई पूर्व अधिकारी तालिबान, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों को प्रशिक्षित करने में भूमिका निभाते रहे हैं। परमाणु हथियारों और उनसे संबंधित सामग्री की सुरक्षा के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा उपायों का पालन किया जाता है, जिनमें अत्याधुनिक निगरानी, चौकस सुरक्षा बल और अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान अपने हथियार कार्यक्रम के कारण परमाणु अप्रसार संधि से बाहर है, इसलिए उसे परमाणु संयंत्र या सामग्री के व्यापार से काफी हद तक बाहर रखा गया है। पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम जितना रहस्यमय रहा है, उससे ज्यादा खतरनाक पाकिस्तानी की परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर बदनीयती रही है। राजनीतिक अस्थिरता, आतंकवादी संगठनों, सेना के प्रभाव और धार्मिक कट्टरपंथ से अभिशप्त तथा परमाणु हथियारों के अवैधानिक हस्तांतरण में शामिल पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत को गंभीरता से विचार करना होगा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे । मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपटा लेंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं।

सिंह राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा।


वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है । ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई इम्पोर्टेन्ट काम बन जायेगा।

धनु राशि- आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा,

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन



आम आदमी पार्टी की प्रेरक शक्ति अरविंद केजरीवाल ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में युवाओं के लिए रोजगार को अपना प्राथमिक फोकस घोषित किया है। विश्वास नगर में जनता से बात करते हुए केजरीवाल ने अपने प्रशासन की उपलब्धियों पर जोर दिया, जिसमें मुफ्त बिजली, पानी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा शामिल हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी ने ऐलान किया है कि हमारी सरकार बनी तो मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दिए जाएंगे। कमल का बटन मत दबाना, नहीं तो सारे मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएंगे।



# कांग्रेस का आरोप, दलित विरोधी हैं केजरीवाल, आप प्रमुख के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली (आरएनएस)। बौद्ध भिक्षुओं और गुरु रविदास और भगवान वाल्मिकी मंदिरों के पुजारियों को वेतन देने का वादा नहीं करने के विरोध में उदित राज के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। कांग्रेस नेता देवेन्द्र यादव ने कहा कि हम दोहराते रहे हैं कि केजरीवाल जी दलितों के खिलाफ हैं।% 2013 में ये वही केजरीवाल जी थे जिन्होंने कहा था कि एमसीडी कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा। लेकिन एक भी कर्मचारी को स्थायी नहीं किया गया।

यादव ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहने के दौरान राजेंद्र गौतम, राजकुमार आनंद ने इस (आप) पार्टी को छोड़ दिया। वे योजनाओं की घोषणा करते हैं लेकिन



ऐसी शर्तें रखते हैं कि बहुत कम लोग ही इसका लाभ उठा पाते हैं।

यादव ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहने के दौरान राजेंद्र गौतम, राजकुमार आनंद ने इस (आप) पार्टी को छोड़ दिया। वे योजनाओं की घोषणा करते हैं लेकिन ऐसी शर्तें रखते हैं कि बहुत कम लोग ही इसका लाभ उठा पाते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सिर्फ बातें करते हैं और बड़े-बड़े वादे करते हैं। आज हम ऐसी कई घटनाएं देख रहे हैं जो बताती हैं कि ये दलित विरोधी हैं। वहीं, उदित राज ने दावा किया कि जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन निर्धारित था लेकिन पुलिस ने सभा की अनुमति नहीं दी। इसके बाद, उन्होंने फिरोजशाह रोड पर केजरीवाल के आवास के पास विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

बौद्ध भिक्षु और वाल्मिकी और रविदास मंदिरों के पुजारी विरोध में शामिल हुए। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि हिंदू पुजारियों और सिख %ग्रंथियों% के लिए 18,000 रुपये मासिक वेतन प्रदान करने की पार्टी की प्रस्तावित योजना के तहत उन्हें भी शामिल किया जाए। राज और अन्य प्रदर्शनकारियों को बाद में हिरासत से रिहा कर दिया गया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने पुलिस स्टेशन में प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की।

**प्रदेश के सभी तालाबों की सफाई करवाएं : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी तालाबों की सफ़ाई करवाई जाए ताकि उनका पानी पशुओं के पीने या सिंचाई आदि के कार्यों में प्रयोग किया जा सके। पंचायतों के सहयोग से ग्रामीणों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि वे तालाबों में कूड़ा - कर्कट एवं घरों से निकला गंदा पानी न जाने दें।

मुख्यमंत्री वीरवार को चंडीगढ़ में द हरियाणा पौंड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण के साधु (पवित्र पुरुष) महाकुंभ मेला 2025 के लिए पेशवाई धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए, जो प्रयागराज में संगम की ओर उनके औपचारिक प्रवेश का प्रतीक है।



आगामी गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रिहर्सल के दौरान भारत की ब्रह्मोस मिसाइल का प्रदर्शन किया गया।

# भारतीय सेना ने किया डेविल स्ट्राइक का अभ्यास, अत्याधुनिक उपकरणों और उन्नत प्रौद्योगिकियों का दिखा नजारा

नई दिल्ली (आरएनएस)। लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला, एवीएसएम, वाईएसएम, जीओसी 33 कोर, जिन्होंने अभ्यास का अवलोकन किया, ने भाग लेने वाली इकाइयों की व्यावसायिकता और अनुकूलनशीलता की सराहना की। एक्सरसाइज डेविल स्ट्राइक ने एक बार फिर हमारे सशस्त्र बलों की विभिन्न परिचालन परिदृश्यों में एक सामंजस्यपूर्ण इकाई के रूप में अनुकूलन, नवाचार और संचालन करने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। यह भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारतीय सशस्त्र बलों ने 16 से 19 जनवरी तक आयोजित एक उच्च तीव्रता वाले संयुक्त अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस महत्वाकांक्षी अभ्यास, डेविल स्ट्राइक, जिसमें सेना के विशिष्ट हवाई सैनिक और वायु सेना शामिल थे। निर्बाध एकीकरण, उन्नत क्षमताओं और संचालन के लिए तत्परता का प्रदर्शन किया। रणनीतिक प्रशिक्षण क्षेत्रों और फायरिंग रेंजों में आयोजित, यह अभ्यास जटिल परिचालन परिदृश्यों को मान्य करने पर केंद्रित था, जिसमें शत्रुतापूर्ण इलाकों में सैनिकों और उपकरणों की सटीक प्रविष्टि शामिल थी। अभ्यास में विषम परिस्थितियों में परिचालन प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए लॉजिस्टिक भरण-पोषण रणनीतियों का भी परीक्षण किया गया।

अभ्यास का मुख्य आकर्षण अत्याधुनिक उपकरणों और उन्नत प्रौद्योगिकियों की तैनाती थी, जिससे दूरदराज और चुनौतीपूर्ण स्थानों पर बलों की सटीक और कुशल डिलीवरी संभव हो सकी। समकालिक हवाई अभ्यासों ने सेना और वायु सेना के बीच असाधारण समन्वय प्रदर्शित किया, जो एक एकजुट इकाई के रूप में काम करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, अभ्यास में यथार्थवादी मिशन परिदृश्यों को शामिल किया गया, जिससे सशस्त्र बलों की परिचालन तत्परता और प्रतिक्रिया तंत्र को परिष्कृत करने में मदद मिली।

लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला, एवीएसएम, वाईएसएम, जीओसी 33 कोर, जिन्होंने अभ्यास का अवलोकन किया, ने भाग लेने वाली इकाइयों की व्यावसायिकता और अनुकूलनशीलता की सराहना की। एक्सरसाइज डेविल स्ट्राइक ने एक बार फिर हमारे सशस्त्र बलों की विभिन्न परिचालन परिदृश्यों में एक सामंजस्यपूर्ण इकाई के रूप में अनुकूलन, नवाचार और संचालन करने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। यह भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## कोणार्क सूर्य मंदिर पहुंचे सिंगापुर के राष्ट्रपति, यूपीआई से पेंमेंट कर पत्नी के लिए खरीदी साड़ी

भुवनेश्वर (आरएनएस)। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम और उनकी पत्नी ने शनिवार को ओडिशा में रघुराजपुर गांव और पुरी जिले के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर का दौरा किया।

रघुराजपुर गांव में राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का पारंपरिक गोटीपुआ नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत किया गया। यह गांव अपनी समृद्ध कलात्मक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें पट्टचित्र कला, ताड़ के पत्ते पर नक्काशी, पत्थर की मूर्तिकला और गोटीपुआ नृत्य शामिल हैं।

दंपति ने गांव में एक घंटे से ज्यादा समय बिताया और वहां के कलाकारों से बातचीत की। राष्ट्रपति ने रामायण और भगवान गणेश से संबंधित दो पट्टचित्र पेंटिंग खरीदी।

रघुराजपुर के कलाकार प्रशांत कुमार सुबुद्धि ने कहा कि राष्ट्रपति को उन्होंने पेंटिंग बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी जाना और उनकी पत्नी को एक हस्तनिर्मित पेंटिंग भेंट की, जिसमें राष्ट्रपति और सिंगापुर की प्रथम महिला को पुरी के जगन्नाथ मंदिर की पृष्ठभूमि में दर्शाया गया है। इसके बाद, राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने पुरी के कोणार्क सूर्य मंदिर का दौरा किया, जो 13वीं शताब्दी का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है।



सेवा, सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर कई दिनों से आंदोलन कर रहे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने रविवार को चक्काजाम किया। वे तेलीबांधा थाना से घड़ी चौक तक पैदल मार्च कर रहे थे।

## मुंबई : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 2.55 करोड़ का सोना और हीरे जब्त, तीन गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 17-18 जनवरी की मध्य रात्रि में अलग-अलग मामलों में कुल 2.55 करोड़ रुपये की कीमत का सोना और हीरे जब्त किए हैं।

पहले मामले में, विशेष जानकारी के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे दो यात्रियों को रोका। जांच के दौरान अधिकारियों ने संदिग्धों के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में छिपाया गया 24 कैरेट कच्चे सोने का पाउडर (गोल्ड डस्ट/स्वर्ण कण) बरामद किया।

अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए सोने का कुल शुद्ध वजन 2.465 किलोग्राम था। इसकी अनुमानित कीमत 1.80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया।

एक अलग घटना में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक अन्य विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए दुबई जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की तैयारी कर रहे एक यात्री को रोका। गहन जांच करने पर, अधिकारियों को यात्री के शरीर के अंदर छिपाकर रखे गए कटे और पॉलिश किए हुए हीरे मिले। जब्त की गए हीरों में 21.70 कैरेट के लैब निर्मित हीरे थे,

# भाजपा की नीतियों से हर वर्ग त्रस्त : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के सत्ता में रहते हुए लोकतंत्र को भारी नुकसान हुआ है। यह पार्टी समाज में नफरत और भेदभाव की राजनीति को बढ़ावा देती है। संविधान और लोकतंत्र विरोधी कार्यों के कारण भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी है।समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए नव्व यादव ने कार्यकर्ताओं को जनता के सुख-दुःख में सहभागी बनने और उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपनी भाषा और व्यवहार में सावधानी रखनी चाहिए।श्री यादव ने भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार किसानों, नौजवानों और व्यापारियों को निराश कर रही है। बड़े-बड़े इन्वेस्टर मीट के बावजूद कोई ठोस निवेश प्रदेश में नहीं आया है। पुराने कारखाने और व्यवसाय दूसरे राज्यों में स्थानांतरित हो रहे हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी को क्योटो और मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को वेनिस बनाने की घोषणा की थी, लेकिन यह सब झूठे वादे साबित हुए। अब सोनभद्र को स्विट्जरलैंड बनाने की बात कही जा रही है। नव्व यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर इन शहरों का समग्र विकास किया जाएगा।उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन 50,000 गायें कट रही हैं और सरकार इस पर मौन है।

## रिम्स अस्पताल में लड़की से दरिंदगी, सैप जवान ने किया रेप; मचा हड़कंप

रांची (आरएनएस)। झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) अस्पताल में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। एक सैप जवान ने अस्पताल में अपने प्रेमी का इलाज कराने आई एक युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया है और मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़िता, जो चतरा जिले की रहने वाली है, अपने प्रेमी का इलाज कराने रिम्स आई थी। गुरुवार देर रात जगह न मिलने के कारण वे दोनों अस्पताल में ही सो गए थे। तभी सैप जवान संतोष कुमार बारला वहां पहुंचा और उन्हें धमकाते हुए पूछताछ के बहाने युवती को अस्पताल की चौथी मंजिल पर एक सुनसान जगह पर ले गया। आरोप है कि वहां जवान ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। डरी-सहमी युवती ने बाद में अपने प्रेमी को घटना की जानकारी दी,



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के रा%यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के छठे दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर नाव की सवारी की।



पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन% के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को माला पहनाई गई।

# कर्नाटक की बेहतरी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगे : शिवराज सिंह चौहान

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक की विकास योजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्नाटक सरकार के कृषि मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री और राजस्व मंत्री के साथ बैठक की।


मीडिया को इस बैठक के बारे में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्रीफ भी किया। बताया , मैंने भारत सरकार की योजनाओं की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि सभी को पक्का मकान मिले। हमने सितंबर में कर्नाटक में 2 लाख 57 हजार 246 घर बनाने की मंजूरी दी थी। इसके लिए हमने पैसा भी आवंटित किया है।

आगे कहा, आज कर्नाटक के गरीबों के मकान के लिए हमने आवासों की संख्या को बढ़ाया है। कुल मिलाकर कर्नाटक के उन आवासों के अलावा हमने 4 लाख 67 हजार 580 मकान गरीबों के लिए आवंटित किए हैं। भाजपा का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले।

चौहान ने प्रदेश सरकार को केंद्र द्वारा दिए गए फंड का उपयोग करने की सलाह भी दी। बोले , कर्नाटक सरकार तेजी से इन मकानों के काम को पूरा करे ताकि सभी गरीबों के पक्के मकान बनाए जा सकें। पहले जो हमने फंड जारी किए थे, सरकार उनका उपयोग करे। कृषि मंत्री ने मैग्नेटाइजेशन योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। तीनों मंत्रियों ने कुछ और ज्ञापन मुझे सौंपे हैं। हमारा लक्ष्य विकसित भारत के साथ विकसित कर्नाटक बनाना है। हमारा लक्ष्य है कि हम प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कर्नाटक के विकास में कोई कसर न छोड़े।

आगे कहा, राज्य सरकार से मेरा आग्रह है कि वह समय पर फंड ठीक से खर्च करें। भारत सरकार कर्नाटक की बेहतरी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आज मैं अपने कर्नाटक के दौरे में सुपारी उत्पादक किसानों से भी मिलने जा रहा हूं। शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष से अपील की कि वो जनकल्याण की राजनीति करे। केंद्रीय मंत्री बोले, हम लोग विकास की राजनीति करते हैं, जनकल्याण की राजनीति करते हैं। अभी कई योजनाएं ऐसी हैं जिनमें कर्नाटक ने फंड खर्च नहीं किया है, लेकिन मैं आज इसमें नहीं जाना चाहता।

कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जल्दी प्रदेश के अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया प्रारंभ होगी।



अभिनेता विवियन डीसेना के प्रशंसक इस बात से दुखी हैं कि वह बिग बॉस 18 की ट्रॉफी जीतने में मामूली अंतर से चूक गए और रविवार को करण वीर मेहरा को विजेता घोषित किया गया। शो के समापन के बाद अपने पहले पोस्ट में विवियन ने अपने प्रशंसकों से उन्हें निराश करने के लिए माफ़ी मांगी और उनके समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# मिशन ग्रे हाउस के साथ बड़े पर्दे पर नई शुरुआत के लिए तैयार हैं पूजा शर्मा



पूजा शर्मा ने 2024 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में पोपटलाल की प्रेमिका की भूमिका निभाकर अपने लिए लोगों से बहुत प्यार और फैन्स का सपोर्ट प्राप्त किया। अब वह फिल्म मिशन ग्रे हाउस के साथ बड़े पर्दे पर अपनी नई शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

पूजा, जो अपने सीए फाइनल सेकंड ग्रुप की परीक्षा देने के लिए मुंबई आई थीं, उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह अभिनेत्री बनेंगी।अपने मॉडलिंग और अभिनय करियर की शुरुआत के बारे में बताते हुए पूजा ने कहा, मैं मॉल में खरीदारी कर रही थी और एक कास्टिंग वाले ने मुझे किसी प्रसिद्ध सोप के ऑडिशन के लिए इंटरव्यू देने के लिए संपर्क किया, वे रैंडम पब्लिक इंटरव्यू लेते हैं। अगले दिन, उसने मुझे यह कहते हुए बुलाया कि अगर आप ऑडिशन राउंड क्लियर करती हैं और एड के लिए चुनी जाती हैं, तो आपको प्रति दिन चालीस हज़ार का पेमेंट किया जाएगा शूट के लिए। मैं हैरान थी की सीए में भी प्रति दिन इतने पैसे तो कहा ही मिलेंगे।

टीएमकेओसी के अलावा पूजा छोटी सरदारनी, जौहरी, दस जून की रात जैसे लोकप्रिय शो और वेब सीरीज का भी हिस्सा रही हैं।

मिशन ग्रे हाउस में पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहीं पूजा ने कहा, मैं बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं और यह एक सपने के सच होने जैसा है। मैं कियारा की भूमिका निभा रही हूं, जो एक पुलिस अधिकारी है और अभिनेता राजेश शर्मा की बेटी है, जो एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भी हैं। मैं फिल्म में हीरो की अच्छी दोस्त हूं। फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि मैंने अपने पिता को ग्रे हाउस में रहस्यमयी हत्याओं के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए हम दोनों को एक खतरनाक मिशन पर भेजने के लिए राजी किया और हम इस रहस्य को कैसे सुलझाते हैं।

### 120 बहादुर की रिलीज डेट से उठा पर्दा, मेजर शैतान सिंह बन दुश्मनों से लड़ते दिखेंगे फरहान अख्तर

बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों कई फिल्मों के निर्माण को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच वे 120 बहादुर को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं, जिसमें वे खुद अभिनय करते नजर आएंगे। कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी हुआ था। फिल्म को लेकर प्रशंसक भी काफी उत्साहित हैं। वहीं, अब आखिरकार फिल्म की रिलीज की तारीख का भी एलान हो गया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज के साथ मिलकर 120 बहादुर की रिलीज की तारीख की घोषणा की है, जो 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों को श्रद्धांजलि है।

# ऑल ब्लैक आउटफिट पहन कैमरे के सामने सुरभि चंदना ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की अदाएं देख फैंस हुए बेकाबू



टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

एक्ट्रेस सुरभि चंदना टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं। वो जितनी ही कमाल की अभिनेत्री हैं, उतना ही कूल उनका ड्रेसिंग सेंस भी है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने ब्लैक कलर की वन साइड शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए खुले बाल, कानों में इयररिंग्स पहनकर अपने इस लुक को शानदार तरीके से निखारा है।

सुरभि चंदना कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। वहीं, यूजर्स भी उनके इस लुक को देखकर कॉमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं।

एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो ब्यूटिफुल। दूसरे यूजर ने लिखा है- हॉटनेस। तीसरे यूजर ने लिखा है- सेक्सी एंड ग्लैमरस। ऐसे ही एक के बाद एक यूजर्स कॉमेंट करते हैं।

## वरुण धवन ने शुरू की बॉर्डर 2 की शूटिंग, सेट से सामने आई पहली तस्वीर

वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं।

झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने इस आउटफिट को ब्लैक लेदर जैकेट के साथ पहना और मूंछों वाला लुक दिया। उन्होंने कुमार और दत्ता के साथ फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़ा। निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक्शन, धैर्य और देशभक्ति! अभिनेता वरुण धवन ने निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ झांसी के सुंदर छावनी क्षेत्रों में बॉर्डर 2 यात्रा शुरू की। 23 जनवरी, 2026- एक अविस्मरणीय गाथा के लिए तैयार हो जाइए। हालांकि, सनी देओल, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी आने वाले महीनों में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। इससे पहले अगस्त 2024 में, वरुण ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में बॉर्डर 2 का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की थी। उन्होंने लिखा था, जेपी सर और भूषण कुमार द्वारा निर्मित बॉर्डर 2 में एक भूमिका निभाना मेरे करियर का एक बहुत ही खास पल है। और मुझे सनी पाजी के साथ काम करने का मौका मिला, जो इसे और भी शानदार बनाता है। मैं भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बनाने का वादा करते हुए एक वीर जवान की कहानी को पर्दे पर उतारने के लिए उत्साहित हूं। मैं आपकी शुभकामनाओं का इंतजार कर रहा हूं। जय हिंद।

# लवयापा का रोमांटिक ट्रैक रहना कोल रिलीज, जुनैद खान और खुशी कपूर की दिखी खूबसूरत केमिस्ट्री

जुनैद खान और खुशी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी लवयापा को लेकर काफी चर्चा हो रही है. ये दोनों की थिएट्रिकल डेब्यू है, जिसमें वो एक मॉडर्न रोमांस ड्रामा लेकर आ रहे हैं. लोग इसे देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म का पहला गाना लवयापा हो गया पहले ही धमाल मचा चुका है, जिस पर हर कोई झूम रहा है. वहीं, इसका ट्रेलर प्यार और मज़ेदार रोमांस पर एकदम जेन-जेड अंदाज़ पेश करता है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है. काफी इंतजार के बाद मेकर्स ने अब फिल्म का दूसरा गाना रहना कोल रिलीज कर दिया है. यह एक खूबसूरत रोमांटिक गाना है, जो फिल्म की खूबसूरती को और बढ़ा देता है.

इस गाने में फ्रेशनेस और प्यार का ऐसा तड़का है, जो हर किसी को वैलेंटाइन मूड में ला देगा. जुनैद खान और खुशी कपूर की केमिस्ट्री और परफॉर्मेंस गाने में दिल छू लेने वाली है, जो प्यार की फीलिंग को बहुत अच्छे से बयां करती है. इनकी नैचुरल केमिस्ट्री देखकर दिल में सच में तितलियां उड़ने लगेंगी. ये गाना अपने चार्म और फील के साथ साल का लव एंथम बनने वाला है. रहना कोल को जुबिन नौटियाल और ज़हरा एस खान ने बेहद खूबसूरती से गाया है, और इसके बोल गुरप्रीत सैनी ने लिखे हैं. तनिष्क बागची की कंपोजीशन गाने के रोमांटिक और आकर्षक माहौल को और बढ़ा देती है, जिससे ये गाना बार-बार सुनने के लिए एकदम परफेक्ट बन जाता है. परफेक्शनिस्ट फराह खान द्वारा कोरियोग्राफ किया गया ये गाना हर चीज़ में खास है और इसे देखना एकदम लाजवाब अनुभव है. लवयापा, जो मॉडर्न रोमांस की दुनिया में सेट है, एक दिल छू लेने वाली कहानी पेश करती है. इसमें दमदार परफॉर्मेंस, जोश से भरा म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स ने इसे खास बना दिया है. फिल्म न केवल रोमांस को एक नई तरह से दिखाती है, बल्कि इसमें ऐसी बातें भी हैं जो दर्शकों को लंबे समय तक याद रहेंगी. प्यार के हर रंग को सेलिब्रेट करती लवयापा हर उम्र के दर्शकों के दिलों को छूने के लिए तैयार है. यह फिल्म 2025 की सबसे एक्साइटिंग सिनेमेटिक एक्सपीरियंस में से एक बनने वाली है. इस वैलेंटाइन सीज़न को खास बनाने के लिए अपना कैलेंडर मार्क कर लें. प्यार की इस जादुई सफर का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो जाइए.

**बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर की दैनिक कमाई में गिरावट जारी, सोनू सूद की फतेह ने तोड़ा दम**

सुपरस्टार राम चरण और कियारा आडवाणी की पैन-इंडिया फिल्म गेम चेंजर को सिनेमाघरों में रिलीज का एक सप्ताह पूरा गया है और यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।

इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस इसका हाल-बेहाल है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म के कारोबार में गिरावट जारी है।

### हिसाब बराबर का ट्रेलर जारी, घोटाले और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ते नजर आए आर माधवन

फिल्म 'हिसाब बराबर' के ट्रेलर में आर. माधवन एक ईमानदार आम आदमी के रोल में नजर आ रहे हैं। वह राधे मोहन शर्मा का किरदार निभा रहे हैं। राधे हिसाब का पक्का आदमी है, साथ ही जिद्दी भी है। आगे चलकर उसे एक बड़े फाइनेंशियल स्कैम का पता चलता है। अब वह स्कैम करने वालों से कैसे निपटता है, यही फिल्म की कहानी है।

आर. माधवन की फिल्म 'हिसाब बराबर' का प्रीमियर 24 जनवरी को जी5 पर होगा। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू भाषा में भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। फिल्म को अश्विनी धीर ने निर्देशित किया है। फिल्म के हालिया रिलीज ट्रेलर में नजर आता है कि आर माधवन के किरदार राधे मोहन शर्मा को करोड़ों के स्कैम का पता चलता है, स्कैम करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने पर उसे बुरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। राधे को ही जेल जाना पड़ता है,

# सब्जी में ज्यादा हो गया है नमक तो न हों परेशान, इन आसान उपायों से चुटकियों में करें बैलेंस



खाना पकाना एक कला है. इसलिए स्वादिष्ट भोजन बनाना हर किसी के लिए संभव नहीं हो सकता है. सब्जी, दाल या कोई भी ग्रेवी बनाते समय उसमें पर्याप्त मात्रा में नमक, जीरा और इमली डालना बहुत जरूरी है. अगर सब्जी में इनकी मात्रा बढ़ जाए तो इसे खाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. मसाले यदि ज्यादा हो जाए तो लोग इसे खा सकते हैं, लेकिन नमक ज्यादा हो जाए तो खाना मुश्किल हो जाता है. वहीं नमक का अधिक सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है. ऐसे में इस खबर के माध्यम से जानें कि ग्रेवी में नमक कम करने के लिए क्या किया जा सकता है...

नारियल का दूध

अगर किसी भी ग्रेवी में नमक ज्यादा हो तो नारियल का दूध निचोड़ कर उसमें मिला सकते हैं. इसके लिए नारियल के दूध में थोड़ा सा पानी मिलाकर ग्रेवी में मिला लें. ऐसा करके आप करी का स्वाद बढ़ा सकते हैं और अधिक नमक को भी संतुलित कर सकते हैं.

दही

अगर सब्जी ज्यादा नमकीन है तो इसमें एक बड़ा चम्मच दही डालें और अच्छी तरह मिला लें. फिर इसे 5 मिनट तक गर्म करें. यह भी नमक कम करने का एक प्रभावी तरीका है.

आलू

सब्जी में नमक ज्यादा होने पर आप उबले आलू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह सबसे आम तरीकों में से एक है. इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और सब्जी में डाल दें और कुछ देर के लिए छोड़ दीजिए. इसके अलावा आप कच्चे आलू को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर सब्जी में डाल सकते हैं. इसे कम से कम 15 मिनट से ज्यादा समय तक पकाएं. आलू सब्जी में मौजूद ज्यादा नमक सोख लेगा और नमक की मात्रा को बराबर कर देगा। कुछ देर सब्जी में रहने के बाद आलू को बाहर निकाल लें.

चीनी

अगर सब्जी नमक ज्यादा हो तो थोड़ी चीनी या गुड़ मिला सकते हैं. चीनी की मिठास नमक को कुछ हद तक कम करने में मदद करती है. इसे दाल और अचार में भी आजमाया जाता है. यह न केवल अधिक नमक को कम करेगा बल्कि ग्रेवी का स्वाद भी बढ़ाएगा. लेकिन इस विधि को सभी तरह की ग्रेवी पर न आजमाएं

पानी

यदि ग्रेवी बहुत अधिक नमकीन है, तो इसे कम करने का सबसे आसान तरीका थोड़ा पानी डालना है. इससे नमक की मात्रा को समायोजित करने में मदद मिलेगी.

ताजा मलाई

ताजी क्रीम करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में भी मदद करती है. लेकिन पहले आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि करी का स्वाद और ताजी क्रीम का स्वाद एक साथ मिक्स हो जाए. ऐसा करने से करी का स्वाद भी बढ़ जायेगा.

# गले में दर्द से तुरंत राहत कैसे पाएं? यहां जानिए आसान घरेलू उपाय



सर्दी के मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी लगने से गला खराब हो जाता है. ऐसे में कभी गले में दर्द होता है तो कभी खाने-पीने के चीजों को निगलने में दिक्कत होती है. अगर आप भी गले में दर्द या गले में इंफेक्शन से परेशानी हैं तो यहां हम आपके लिए कुछ घरेलू उपाय लेकर आएं जो आपके बहुत काम आने वाले हैं. आइए जानते हैं कि ठंड की वजह से अगर गले में दर्द हो तो आप कौन-कौन से घरेलू उपायों को अपनाना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में.

नमक के गरारे करें

गले में दर्द से तुरंत राहत पाना चाहते हैं तो सबसे पहले नमक के गरारे करें. ये एक बेहद असरदार नुस्खा माना जाता है. ये सदियों पुराना उपाय है जो हमारी दादी-नानी के जमाने में आजमाया जाता था. इसके लिए आप एक ग्लास गुनगुने पानी में नमक मिला लें और थोड़ी-थोड़ी देर में गरारे करते रहें. इससे गले के दर्द से राहत मिल जाती है.

गले की सिंकाई करें सर्दियों में गले के दर्द के लिए सबसे आसान और सबसे असरदार घरेलू उपायों में से एक है गर्म सिंकाई. इसके लिए आफ बस 15-20 मिनट के लिए अपने गले पर गर्म पानी की बोतल या गर्म गीला कपड़ा रखें. हीट की वजह से आपकी मांसपेशियों को आराम मिलेगा और प्रभावित एरिया में ब्लड फ्लो बढ़ जाएगा जिससे दर्द और कठोरता कम हो जाएगी.

हॉट एप्सम सॉल्ट बाथ

हॉट एप्सम सॉल्ट बाथ की मदद से न सिर्फ आप रिलैक्स फील करेंगे, बल्कि ये गले के दर्द से भी जल्द राहत दिलाएगा. इस नमक में मैग्नीशियम पाया जाता है जो नेक मसल के तनाव को कम करने में मदद करता है. आप नहाने वाली बाल्टी में गर्म पानी के साथ एक कप एप्सम सॉल्ट मिलाएं और 20 मिनट बाद नहा लें.

अदरक की चाय पीएं अदरक अपनी एंटी-इंफ्लेमेंट्री प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है. अदरक की चाय पीने से आपकी गले की मांसपेशियों में सूजन कम हो सकती है, जिससे दर्द से राहत मिल सकती ह. आप बस एक ताजा अदरक के टुकड़ों को गर्म पानी में डुबोएं, स्वाद के लिए शहद मिलाएं और चाय के रूप में इसे पी जाएं.

## शब्द सामर्थ्य - 301

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 300 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना लार्डगंज में रात्रि विवेक पाण्डे उम्र 45 वर्ष निवासी पितृछाया अपार्टमेंट राईट टाउन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि छावनी परिषद में सहायक शिक्षक के पद पर नौकरी करता है घर पर ताला लगाकर अपने रिश्तेदार बसंत दुबे निवासी सुहागी आधारताल के यहां गया था दिनांक 18-1-25 को शाम लगभग 6 बजे घर वापस आया तो देखा घर का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा सामान बिखरा था धर पर रखा पुराने मोबाइल बिना सिम का ओप्पो रेनो प्रो , सेमसंग, रेडमी कम्पनी , आईफ़ेन कम्पनी , मिनी लेपटॉप, सेमसंग कम्पनी की स्मार्ट वॉच, आलमारी में रखी सोने की



# सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें.कलेक्टर सक्सेना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यपक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पषलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुोल बर्दाश्तल नहीं की जायेगी। सीएम हेल्पंलाईन की समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकासए पंचायत एवं ग्रामीण तथा ऊर्जा विकास के कार्यों की सराहना की गई। वहीं उन सभी जिला अधिकारियों को बैठक से ही तुरंत ही सीएम हेल्पंलाईन के प्रकरणों के निराकरण के लिए भेजकर कहा कि कितने सीएम हेल्पणलाईन प्रकरणों का निराकरण संतुष्टीन पूर्वक किया गयाए इसकी जानकारी शाम को बताया जाये। बैठक में राजस्वो महाअभियान की समीक्षा कर नक्शाव बटांकनए आरओआर अधार लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्रीं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टोर श्री सक्सोना ने शाम को फिर से सीएम हेल्परलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और सभी अनुभागवार तथा तहसीलवार सीएम हेल्पनलाईन के निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। इसी प्रकार सभी विभागों द्वारा इस दिशा में किए गए प्रयास के संबंध में पूछा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि प्रतिदिन दो घंटे सिर्फ सीएम हेल्पएलाईन के प्रकरणों के लिए समय निकालें। सीएम हेल्पिलाईन के प्रकरणों कों गंभीरता से लें और उनका निराकरण कर जिले की रैंकिंग सुधारें।

## शहर में हो रहे विकास कार्यो को देख विपक्ष बौखलायाः विपक्ष का धरना बिल्कुल निराधार - विवेकराम सोनकर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मेयर इन काउंसिल के सदस्य एवं लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी विवेक राम सोनकर ने कहा है कि शहर में हो रहे विकास कार्यो को देख विपक्ष के लोग बौखला गये हैं। उनके द्वारा कहा गया है कि नगर निगम प्रांगण में कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा अकारण और निराधार रूप से धरना प्रदर्शन किया गया, जो कि गैर जरूरत और औचित्यहीन था, क्योंकि बजट में पारित पार्षद मद के कार्यो को 31 मार्च तक कराने की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से कराई जायेगी। इसके लिए किसी को दबाव देने की आवश्यकता नहीं है। निगम प्रशासन द्वारा बिना दबाव के जनहित एवं विकास कार्यो के लिए कार्य करने तत्परता हमेशा दिखाई गयी है और आगे भी दिखाई जायेगी। एम.आई.सी. सदस्य श्री सोनकर ने कहा है कि पिछले वर्ष में भी बजट में प्रावधान अनुसार विकास के कार्य हुए हैं और इस वर्ष भी प्रस्तावित विकास कार्यो को कराये जायेगें। एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर ने बताया कि नगर निगम साल भर में लगभग 800 करोड़ रूपये का भुगतान किया जायेगा और इस जनवरी माह में भी 45 से 50 करोड़ रूपये का भुगतान करने की प्रक्रिया की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि शहर में विकास कार्यो को कराने के लिए कोई धन की कमी नहीं है और न ही कभी कमी होगी।

**एसबीआई अधिकारी बनकर ठगों ने की महिला से बात-महिला के खाते से ठगों ने उड़ा दिए 35 लाख रुपये।**

# जबलपुर में बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ऐंठे 35 लाख रुपये

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रांझी थाना क्षेत्र के रक्षा नगर कालोनी निवासी कुसुमलता (61) को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 35 लाख रुपये ऐंठ लिए। दो दिन बाद रविवार को पीड़िता पति के साथ पुलिस के पास पहुंची और घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित बुजुर्ग महिला के पति गोकुलचंद आर्मी बेस वर्कशाप के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। 14 जनवरी को महिला के मोबाइल पर फोन आया। बात करने वाले ने स्वयं को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का अधिकारी बताया।

उसने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि जमा नहीं होने की जानकारी दी, साथ ही उनके बैंक खाते से मनी लांड्रिंग होने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई आरंभ करने की जानकारी दी। यह सुनकर महिला घबरा गई। यह भांपते ही साइबर ठगों ने अपना खेल शुरू कर दिया।

आरोपितों ने 14 और 15 जनवरी को महिला को वीडियो कॉल किया। पहले एसबीआई अधिकारी बनकर बात की। फिर उन्हें मनी लांड्रिंग केस में कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान आरोपितों ने पुलिस और अधिवक्ता जैसा वेश धारण किया था।

पुलिस थाने जैसा दृश्य दिखाया। आरोपितों ने पुलिस और अधिवक्ता बनकर मनी लांड्रिंग मामले में उनके विरुद्ध शीघ्र गिरफ्तारी वारंट जारी होने का भय दिखाया। दो दिन में कई बार फोन कर आरोपितों ने दबाव बनाया। जब महिला भयभीत हो गई तो आरोपितों ने मामला बंद करने और जेल जाने से बचाने के लिए 35 लाख रुपये मांगे। यह भी कहा कि वह किसी को कुछ न बताए। महिला के पति हाल ही में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति पर प्राप्त राशि उनके बैंक खाता में जमा थी। आरोपितों के गिरफ्तारी के दिखाए गए भय से बचने के लिए 16 जनवरी को महिला पंजाब नेशनल बैंक पहुंची। यहां से आरोपितों के बताए बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 35 लाख रुपये भेजे। ये राशि प्राप्त होने के बाद आरोपित उसे और रुपये भेजने का दबाव बनाने लगे। तब महिला ने स्वजन को जानकारी दी और पुलिस से शिकायत की गई।

## रिलेक्सो ने मध्य प्रदेश के खरगोन में नए एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट के साथ किया अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार

मुबंई (आरएनएस) भारत के अग्रणी फुटवियर ब्राण्ड रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के खरगोन में अपने नए एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट (ईबीओ) की ओपनिंग की घोषणा की है। यह नया स्टोर राज्य के उपभोक्ताओं को स्टाइलिश, टिकाऊ और किफ़ायती फुटवियर उपलब्ध कराने की रिलेक्सो की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इस आउटलेट का लॉन्च मध्य प्रदेश में रिलेक्सो की रीटेल विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है,। राज्य में ब्राण्ड के 42 आउटलेट्स हैं। रिलेक्सो गुणवत्तापूर्ण फुटवियर के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में क्षेत्र में मजबूती से स्थापित हो चुका है।

खरगोन के नए स्टोर में रिलेक्सो के प्रमुख ब्राण्ड्स जैसे फ्लाईट, स्पार्क्स, बाहमास और बॉस्टन की ओर से फुटवियर्स की व्यापक रेंज को पेश किया गया है, जो स्टाइल, आराम और फंक्शनेलिटी का बेहतरीन संयोजन लेकर आते हैं। रोज़मर्रा के लिए ज़रूरी फुटवियर्स से लेकर ट्रैंडसेटिंग डिज़ाइनों तक, यह स्टोर उपभोक्ताओं की पंसद को ध्यान में रखते हुए ढेरों विकल्प लेकर आता है और उन्हें खरीददारी का सहज एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करता है।

इस ओपनिंग के साथ रिलेक्सो के एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट्स की संख्या अब देश भर में 412 के आंकड़े तक पहुंच गई है, जो शहरी एवं अर्द्ध शहरी बाज़ारों में प्रीमियम फुटवियर को सुलभ बनाने के कंपनी के प्रयासों को दर्शाता है। उच्च गुणवत्ता के किफ़ायती फुटवियर्स की बढ़ती मांग को देखते हुए रिलेक्सो मुख्य बाज़ारों में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार जारी रखे हुए है।

# कमिश्नर वर्मा ने किया विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।कमिश्नगर श्री अभय वर्मा ने आज संभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न् योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कृषिए स्वाीस्थ्यि ए जल संसाधनए मत्यटाए पशुपालन व डेयरीए कोष व लेखाए सहकारिता आदि विभागों के संभागीय अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान राज्यओ स्तसरीय विभागीय प्रकरणों के संबंध में चर्चा कर उनके समाधान के संबंध में चर्चा कर आवश्यौक निर्देश दिये। कृषि के संबंध में मुख्यं रूप से उर्वरकों की उपलब्ध ता पर चर्चा की। वहीं कोष और लेखा से वेतन निर्धारण से संबंधी समस्या ओं के निराकरण के निर्देश दिये। पशुपालन व डेयरी में पशुओं की बीमारी की जानकारी ली गई। साथ ही टीकाकरणए केसीसी में प्रगति लानेए कृत्रिम गर्भाधान तथा मुख्यकमंत्री दुधारूपशु अनुदान योजना की प्रगति के संबंध में चर्चा कर कहा कि जिन क्षेत्रों में क्षेत्रीय पशु चिकित्सशक कार्य नहीं करते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। स्वा स्थ्री विभाग की समीक्षा करते हुए आयुष्माशन कार्डए गर्भवती महिलाओं के पंजीयनए संस्थाागत प्रसवए टीकाकरणए नसबंदीए एनआरसी व एसएनसीयू के साथ बच्चोंं के समुचित उपचार की दिशा में चर्चा करते हुए स्वा स्य्पश योजनाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा? कि स्वाचस्य् स सुविधाओं को आम जनता को पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्हों ने अन्यए विभागों की समीक्षा करते हुए विभागीय प्रगति के निर्देश दिये।

**2 सुअरमार बम एवं गुप्तीनुमा हथियार जप्त**

## शातिर बदमाश सुअरमार बम रखकर घूमते पकड़ा गया

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना गोरखपुर में मुखबिर से सूचना मिली कि मयूर बाल्मीक निवासी रामपुर आजाद चौक का अपने हाथ में प्लास्टिक की पन्नी के अंदर सुअरमार बम लिये रामपुर पंचशील नगर पहाड़ी जंगल नया गांव की ओर गया है जो कोई अपराध करने की फिराक में है । सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक हाथ में एक थैला लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा तथा गिरते पड़ते हुये गडडे में गिर गया जिसे दोनो पैर कान तथा शरीर में चोटें आ गयीं जिसे घेराबंदी कर पकडा एवं नाम पता पूछा जिसने अपना नाम मयूर बाल्मीक उम्र 24 वर्ष निवासी रामपुर बताया, जो एक प्लास्टिक की पन्नी में 2 सुअरमार बम तथा दाहिने जेब के ऊपर कमर वाले हिस्से में एक गुप्तीनुमा हथियार रखे मिला आरोपी के कब्जे से 2 सुअरमार बम एवं गुप्तीनुमा तेज धार वाला हथियार जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध मारपीट, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है।

# बेटे को पूछते हुए घर में घुसे बदमाशों ने किया पिता पर प्राणघातक हमला, बीच बचाव करने पर मां को भी मारा

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित अम्बेडकर कालोनी अधारताल में रहने वाले छात्र ओमनारायण द्विवेदी के घर में घुसे बदमाशों ने उनके पिता रमाकांत द्विवेदी पर हमला कर दिया. रमाकांत पर हमला होते देख मां बीच बचाव करने आई तो उनके साथ भी मारपीट कर दी. हमले में रमाकांत के शरीर पर गंभीर चोटें आई, जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भरती कराया गया.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अम्बेडकर कालोनी निवासी ओमनारायण द्विवेदी 11 वीं कक्षा में अध्ययनरत है. जब वह 9वीं कक्षा में पढ़ता था, उस वक्त ओमनारायण की शेखर लोधी से दोस्ती हो गई. इसके बाद ओमनारायण की शेखर के दोस्त प्रिंस पटेल व हरी रोक्स भी दोस्ती हो गई. चारों एक दूसरे से मिलते रहे, इस दौरान शेखर को किसी बात को लेकर गलतफहमी हो गई और वह ओमनारायण से रंजिश रखने लगा. वह हर वक्त ओमनारायण से बदला लेने की फिराक में रहता था. बीती रात ओमनारायण अपने घर की छत पर टहल रहा था इस दौरान शेखर, हरी व प्रिंस पटेल आए और दरवाजा खटखटाया.

पिता रमाकांत के दरवाजा खोलते ही तीनों गाली गलौज करते हुए ओमनारायण को पूछने लगे. रमाकांत ने रोकने की कोशिश की तो हरी व प्रिंस ने चाकू निकालकर रमाकांत पर हमला कर दिया, हमले में रमाकांत के पेट में चोट आई और वह गए. रमाकांत पर हमला होते देख पत्नी बीच बचाव करने आई तो उनके साथ भी मारपीट कर धक्का दे दिया. शोर सुनकर ओमनारायण दौड़कर नीचे आया तो देखा कि मां व पिता खून से लथपथ पड़े है.

वहीं तीनों बदमाश धमकी देते हुए मोटर साइकल से भाग निकले. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने दोनों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर रमाकांत की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी, देर रात एक आरोपी शेखर लोधी उम्र 19 वर्ष निवासी कंचनपुर को गिरफ्तार कर लिया. वहीं अन्य दोनों आरोपियों को पकडऩे के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

**अकाल मृत्यु**

**जबलपुर** थाना ओमती में विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि दिनांक 15-1-25 को एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 45 वर्ष का बेहोशी की हालत मे विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसकी दौरान उपचार के आज सुवह लगभग 4 बजे मृत्यु हो गयी है।

## वृहत महाकाली धाम में 21 को सुंदरकांड 22 भंडारे का आयोजन



जबलपुर। अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के 22 जनवरी को एक साल पूरे होने पर नगर में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में श्री वृहत महाकाली उत्सव समिति काली धाम गढ़ा फाटक द्वारा 21 जनवरी मंगलवार को मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पाठ के समापन के उपरांत अगले दिन 22 जनवरी बुधवार को दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाकाली समिति द्वारा उत्सव की तैयारियां धूमधाम से की जा रही है। इस अवसर मंदिर में साज सज्जा की जाएगी। दीप प्रज्जवलित कर दीप उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही मंदिर प्रागंण में पूजन अर्चन भी होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने और प्रसादी ग्रहण करने की अपील समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धालुओं से की है।

## जनेकृविवि में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला अभिव्यक्ति 2025 का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से प्रमुख आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय अभिव्यक्ति 2025 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक विधाओं के विद्यार्थी जीवन में महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यशाला में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एग्री यूनिफेस्ट एवं युवा महोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिताओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की, साथ ही इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के समग्र व्यक्त्वि विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में रंगमंच कला संस्था जबलपुर के संस्थापक एवं राष्ट्रस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अनुभवी प्रशिक्षक श्री संजय पांडे ने कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर के छात्र छात्राओं को अंतर महाविद्यालयीन एवं राष्ट्रस्तरीय एग्री यूनिफेस्ट के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के पूर्व तैयारी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही सांस्कृतिक, साहित्यिक, रंगमंच एवं ललितकला विधाओं में छात्र छात्राओं को जागरूक व प्रशिक्षित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यशाला के सफल आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े प्राध्यापक डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. अमित झा, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. सोनम अग्रवाल एवं विश्वविद्यालय के पूर्व सांस्कृतिक दल 2023 के सदस्य छात्र अमूल यादव, छात्राएं तृप्ति मिश्रा, अलका वर्मा, श्रुति सहित बड़ी संख्या में उपस्थित दोनों ही महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान एवं सहभागिता रही।

**एम. आर. कोठारी द्वारा एक खूबसूरत मुहीम की शुरुआत। एक कपड़ा एक मुस्कान**

## कडकडाती सर्दी में कॉलोनियों तक पहुंच कर लोगों से गरम कपडे एकत्र करना और शहर के जरूरतमंद लोगों को गरम कपड़ों का वितरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम आर कोठारी जबलपुर का एक विश्वसनीय प्रतिष्ठान है इनके द्वारा एक कपड़ा एक मुस्कान एक खूबसूरत मुहिम की शुरुआत की जिसका उद्देश्य इस कडकडाती सर्दी में कॉलोनियों तक पहुंच के लोगों से गरम कपडे एकत्र करना और शहर के जरूरतमंद लोगों को गरम कपड़ों का वितरण है। विगत कम समय से इस मुहिम के तहत कपड़ों के सभी डोनर को संस्था की ओर से गिफ्ट वाउचर प्रदान किये गये। इससे उन्हें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन भी मिला। कपड़ों के वितरण की संख्या भी 500 से अधिक हो चुकी है। इस मुहिम को सफल बनाने में अभी तक 6 कॉलोनियों का योगदान सराहनीय रहा है इनमें शुभम् रेजीडेंसी बिलहरी, राजुल अपार्टमेंट, मदन महल, कुचैनी परिसर दमोह नाका, विशाल शिव पार्क, विजय नगर, शंभू श्री अपार्टमेंट विजय नगर के साथ साथ अन्य संगठन भी शामिल हुए । यही नहीं आपभी एमआर कोठारी शोरूम गौरखपुर में संपर्क करके इस छोटे से प्रयास में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। हमारी संस्कारधानी के निवासियों से निवेदन है कि इस मुहिम के साथ जुड़कर एक नई कोशिश को राह देने में सहयोग प्रदान करें क्योंकि आपकी एक छोटी सी कोशिश जरुरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान और सक्षम व्यक्तित्व के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी

## भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म में से एक बनने के लिए की रणनीतिक साझेदारी

लखनऊ -आरएनएस -भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।

इस अनूठी साझेदारी में एयरटेल के 370 मिलियन का सक्रिय ग्राहक, 12 लाख से अधिक का विशाल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह, और 5,000 से अधिक शाखाएं एवं 70,000 क्षेत्रीय एजेंट शामिल है ।

एयरटेल, बजाज फाइनेंस के खुदरा वित्तीय उत्पाद शुरुआत में अपने एयरटेल थैंक्स ऐप पर, और बाद में अपने स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से भी उपलब्ध कराएगा, ताकि ग्राहकों को इस सुविधा का सहज और सुरक्षित अनुभव मिल सके। दोनो कंपनियों की डिजिटल परिसम्पतियों की संयुक्त ताकत एयरटेल और बजाज फाइनेंस को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाएगी।

भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्टल ने कहा, एयरटेल और बजाज फाइनेंस, इस देश के दो भरोसेमंद नाम हैं, जो लाखों भारतीयों को वित्तीय जरूरतों के विविध पोर्टफोलियो के साथ सशक्त बनाने का साझा दृष्टिकोण रखते हैं। दोनों कंपनियों की संयुक्त पहुंच, पैमाना और वितरण शक्ति इस साझेदारी की आधारशिला के रूप में काम करेगी और हमें बाजार में सफल होने में मदद करेगी।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर में मयंक मिश्रा उम्र 34 वर्ष निवासी रामपुर छापर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ई रिक्शा चलाता है आज सुबह लगभग 11-45 बजे घर से ई रिक्शा लेकर निकला जैसे ही पप्पू किराना के कुलिया में पहुँचा तभी मयूर बाल्मीक एवं बिज्जू अन्ना उसके पास आकर शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगे तथा हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे बिज्जू अन्ना ने चाकू से हमलाकर दाहिने जांघ में चोट पहुँचा दी एवं मयूर ने ईंट से हमलाकर वायें कंधे में चोट पहुँचाते

# कपड़ा-खिलौना शोरुम में लगी भीषण आग, लाखों रुपए का माल जलकर खाक



जबलपुर. एमपी के जबलपुर में गोलबाजार स्थित कपड़ा एवं खिलौना के लिटिल जंक्शन शो.रूम में आज सुबह अचानक आग लग गई. आगजनी की घटना से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया. खबर मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया.

बताया गया है कि गोलबाजार में बच्चों के खिलौने व कपड़ों के शोरुम में आज सुबह 5.30 बजे के लगभग आग लग गई, आग ने कुछ ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया, जिसकी लपटें दुकान के बाहर तक आ गई. जिसे देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए. देखा तो दुकान में भीषण आग लगी हुई है कि दुकान में रेखा सामान धू-धू कर जल रहा है. खबर मिलते ही फायर बिग्रेड की तीन गाडियां मौके पर पहुंच गई, जिन्होने आग पर काबू पा लिया. उस वक्त तक दुकान के संचालक शशिकांत सोनी भी मौके पर पहुंच गए थे. शोरुम में लगी आग को बुझाने के लिए करीब दो घंटे तक फायर बिग्रेड ने लगातार पानी फेंका. आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. खिलौना व कपड़ा शोरुम में लगी आग से लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया.

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर-** थाना गोसलपुर में रात्रि मे कल्लू काछी उम्र 60 वर्ष निवासी कटरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 12-1-25 को सुबह लगभग 10 बजे पत्नी के साथ घर मे ताला लगाकर अपनी बड़ी बेटी आशा काछी के घर खितौला पड़वार गया था घर में कोई नहीं था दिनांक 13-1-25 को घर वापस आया देखा घर में लगा ताला टूटा था अंदर जाकर देखा बिस्तर पेटी का ताला भी टूटा था बिस्तर पेटी में रखा सोने का मंगलसूत्र पेंडल वाला, चांदी की एक चूड़ी, एक जोड़ी पायल, एक करधन, कुछ नगदी रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# किशोरी का अपहरण कर जहर पिलाया, मेडिकल में मौत, परिजनों ने लगाए आरोप

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित ग्राम बोरिया कटंगी क्षेत्र में किशोरी का अपहरण कर जहर पिला दिया गया. इसके बाद लड़की को बोरिया स्वास्थ्य केन्द्र के पास गंभीर हालत में छोड़ दिया, जहां पर किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई. किशोरी की मौत को लेकर परिजनों ने आरोप लगाया है कि चार युवकों ने मारपीट कर जहर पिलाया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु कर दी है. पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.

परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि चार लड़के छोटू, रमाकांत, कृष्ण कुमार व रानू कई दिनों से दसवीं कक्षा में अध्ययनरत किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे. यहां तक कि आए दिन फोन पर धमकी देते हुए मिलने के लिए दबाव बनाते थे. स्कूल जाते वक्त भी परेशान करते रहे, लेकिन समाज में बदनामी के डर से लड़की या उनके परिजनों ने पुलिस से शिकायत नहीं की, जिसके चलते चारों बदमाशों के हौसले बढ़ते ही चले गए.

पिछली शाम चारों बदमाश ने किशोरी का अपहरण कर मारपीट की, इसके बाद जहर पिला दिया. किशोरी की हालत बिगडने पर बोरिया स्वास्थ्य केन्द्र के सामने छोड़कर चले गए, जहां पर किशोरी की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर किया गया. मेडिकल में भरती किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई. इधर पुलिस का कहना है कि किशोरी की मौत जहरीली वस्तु के सेवन से हुई है. परिजनों ने जो भी आरोप लगाए है कि उनकी जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगा.

**सड़क दुर्घटना**

**जबलपुर-** थाना पनागर मे प्रदीप पाठक उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम बड़खेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पढाई करता है दिनांक 19-1-25 की रात लगभग 8 बजे वह सिहोरा से रांझी जाने के लिये अपने दोस्त आर्यन विश्वकर्मा के साथ कुशनेर ब्रिज के पास खड़ा था जहां पर उसका दोस्त प्रिंस शुक्ला बाईक लेकर आ रहा था

**गढ़ा थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज, आरोपी की तलाश जारी**

# पेट्रोल पंप खुलवाने का झाँसा देकर 32 लाख की चपत लगाई

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । गढ़ा थाना क्षेत्र स्थित सगड़ा में खाली पड़ी जमीन पर पेट्रोल पंप खुलवाने का झाँसा देकर जालसाज ने जमीन मालिक को 32 लाख की चपत लगा दी। काफी समय बीतने पर जब पंप नहीं खुला तो जमीन मालिक द्वारा रकम वापस माँगी गई लेकिन उन्हें रकम वापस नहीं मिली। पीड़ित द्वारा इस मामले की शिकायत थाने में की गई थी। शिकायत की जाँच के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लार्डगंज दया नगर निवासी राकेश चौबे उम्र 65 वर्ष ने पुलिस को बताया कि सगड़ा में उनकी जमीन है। इस बात की जानकारी राकेश शर्मा को थी। वर्ष 2022 में राकेश ने उनसे संपर्क किया और खाली पड़ी जमीन पर पेट्रोल पंप खुलवाने की बात की। आरोपी द्वारा बताया गया कि जमीन पर पेट्रोल पंप खोलने के लिए फीस व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कंपनी में रुपये जमा कराने होंगे।

आरोपी की बातों में आकर जमीन मालिक द्वारा 20 लाख रुपये चेक, ऑनलाइन और आरटीजीएस के माध्यम से दिए गये एवं 12 लाख रुपये नकद दिए थे। रकम देने के बाद पंप नहीं खुलने पर जमीन मालिक ने जब राकेश शर्मा से बात की तो उसने कहा कि जल्द अनुमति मिल जाएगी उसके बाद काम शुरू होगा। पीड़ित ने जब जानकारी जुटाई तो उन्हें पता चला कि राकेश शर्मा झूठ बोल रहा है जिसके बाद उन्होंने रकम वापस माँगी तो वह बहानेबाजी कर रहा था। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# सुंदरगढ़ उड़ीसा से 2 कार में भरकर लाया गया 14 लाख रुपए का गांजा जब्त, 3 महिलाओं सहित 7 गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** उड़ीसा के सुंदरगढ़ से गांजा की खेप लेकर तस्कर छत्तीसगढ़ के रास्ते से जबलपुर लाई गई थी. इस बात का खुलासा सिहोरा पुलिस द्वारा किया गया है. पुलिस ने एसयूवी व स्विफ्ट कार से लाया गया 66 किलो 690 किलो गांजा बरामद कर तीन महिलाओं सहित 7 तस्करों को गिरफ्तार किया है. बरामद किए गए गांजा की कीमत 14 लाख रुपए के लगभग बताई जा रही है. पुलिस अधिकारी अब पूछताछ में जुटी है कि उक्त गांजा जबलपुर में कहां व किसको देने वाले थे.

इस संबंध में एएसपी क्राइम प्रदीप शेंडे ने बताया कि उड़ीसा के सुंदरगढ़ से एसयूवी व स्विफ्ट कार में गांजा भरकर तीन महिलाएं व चार युवक छत्तीसगढ़ के रास्ते जबलपुर के लिए रवाना हुए. इस बात की खबर मिलते ही पुलिस की टीम ने सिहोरा रोड पर घेराबंदी कर दी. जैसे ही सुहार नदी के पास कार पहुंची तभी पुलिस ने रोक लिया. कार में बैठी महिला व युवकों को उतारकर तलाशी ली तो करीब 66 किलो 690 ग्राम गांजा मिला, जो पैकेटों में भरा रहा. पुलिस ने तीन महिलाओं सहित 7 तस्करों को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया है. पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ में जुटी है कि उक्त गांजा जबलपुर में कहां सप्लाई करने आए थे, किस किस व्यक्ति से संपर्क में है.



पकड़े गए आरोपी-

- -सत्यकला पति विश्वजीत प्रधान उम्र 48 वर्ष
- -कंचन पति मंटू ठाकुर उम्र 24 वर्ष
- -ममता उर्फ मुन्नी पति महेश बर्मन उम्र 50 वर्ष
- -दीपक लोधी उम्र 21 वर्ष सिहोरा
- -सोनू पिता महेश बर्मन
- -लखन बर्मन उम्र 20 वर्ष
- -सौरभ खरे उम्र 22 वर्ष

आरोपियों को पकडने में इनकी रही सराहनीय भूमिका-

गांजा तस्करों को पकडने में एसआई अमित मिश्रा, रचना पांडेय, एएसआई रामसनेही पटेल, प्रधान आरक्षक अमित शुक्ला, छन्नूलाल, मनोज, क्राइम ब्रांच के एएसआई नरेश पासी, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, राजेश पांडेय, अखिलेश पांडेय, रुस्तम अली, सायबर सेल के एसआई कपूरसिंह, आरक्षक दुर्गेश की सराहनीय भूमिका रही.

**घमापुर थाना क्षेत्र स्थित करियापाथर नई बिल्डिंग के पास वारदात**

# बदमाशों का आतंक, बम फेंका, वाहनों में तोड़फोड़, बाइक जलाई

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । घमापुर थाना क्षेत्र स्थित करियापाथर नई बिल्डिंग के पास शनिवार की रात दो बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाते हुए युवक से मारपीट की, इसके बाद वहाँ खड़े वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए एक बाइक में आग लगा दी। उसके बाद आतंक फैलाने की नीयत से बदमाशों ने सुतली बम फेंका और वहाँ से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करियापाथर नई बिल्डिंग निवासी विकास प्रजापति उम्र 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की रात वह घर पर था। उसी दौरान सोनू कोरी व शुभम कोरी पहुँचे और उससे शराब पीने के लिए रुपयों की माँग करने लगे। उसने रुपये देने से इनकार किया तो दोनों ने उससे मारपीट की। इस दौरान दोनों ने घर के बाहर खड़ी ऑटो व बाइक में तोड़फोड़ की फिर बाइक में आग लगा दी। आसपास के लोग आग बुझाने दौड़े तो बदमाशों ने देशी बम पटका और वहाँ से भाग निकले। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**रंजिश के चलते ब्लेड से हमला**

जबलपुर। घमापुर थाना क्षेत्र स्थित बम्बादेवी मंदिर के पास बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार शीतलामाई बम्बा देवी मंदिर के पास रहने वाले प्रवीण नायडू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह निजी फायनेंस कंपनी में काम करता है।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 164 2024-2025 दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती सोनल सेन, पति- श्री रूपलाल सेन** ने भवन क्रंमाक 283/2/ध का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1001953131 जलकर पिन नं............., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री हरिओम जाटव, पिता श्री हरिशंकर जाटव, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 665 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 163 2024-2025 दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती स्वाती ठाकुर, पति- श्री देवीप्रसाद जाटव** ने भवन क्रंमाक 171/1 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000109039 जलकर पिन नं............., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चेतराम काछी, पिता- श्री रामविशाल काछी, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद, वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 63163 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 425 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 162 2024-2025 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती विमला देवी, पति- स्व. श्री मोतीचंद श्रीवास** ने भवन क्रंमाक 3668 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427575 जलकर पिन नं. 2432366, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री मोतीचंद श्रीवास, पिता श्री ललई राम, **वार्ड दीवान आधार सिंह, वार्ड ,** निर्मित भूतल 1400 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1400 व.फु. आर.सी.सी., , **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 161 2024-2025 दिनांक 16/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री विपिन कुमार तिवारी, पिता-श्री बोघननथ तिवारी, 2. श्रीमती रूपा तिवारी, पति- श्री विपिन कुमार तिवारी** ने खसरा नं. 261/2 का भाग, पी.नं. 293 संपत्ति कर/ पिन नं. 46100690 जलकर पिन नं. ........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री अजय कुमार अवस्थी, पिता श्री शिवकुमार अवस्थी, एवं श्रीमती रोहणी अवस्थी,पति- श्री अजय कुमार अवस्थी, **वार्ड निर्मलचंद जैन, वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 720 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 447/ 2024/2025 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुमी मोदी, पति- श्री विनीत जैन,** ने फ्लैट क्रं. 318 पिन क्र. 1000500002 का भाग, **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) मेसर्स यश बिल्डर्स संजय खेता, पिता- श्री व्ही.एस. खेता , तृतीयतल 1034 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 348 दिनांक 20.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री वसु सोनी, पिता- श्री गोविन्द प्रसाद सोनी, 2. श्री गोविन्द प्रसाद सोनी, पिता- स्व. श्री भगवान दास सोनी** ने मकान नं. 1491 , सम्पत्ति पिन नं. 1000619376, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 855 व.फु., भूतल 765 व.फु., प्रथमतल 765 व.फु., ................................., के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./33 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मुसर्रत परवीन, पति- श्री इमरान खान** ने मकान नं. 2021 छुई खदान पिन. नं. 1000481003 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेफल 1200 व.फु., भूतल 600 व.फु., **शपथ पत्र, चुकतानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./32 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती साबिया परवीन, पति- स्व. श्री मोह. जब्बार** ने मकान नं. 2021 छुई खदान पिन. नं. 1000481003 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेफल 1200 व.फु., भूतल 600 व.फु., **शपथ पत्र, चुकतानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/260 जबलपुर दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती हेमलता पटैल, पति श्री दीपक पटैल,** ने दुकान नं. 12 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000351179, क्षेत्रफल 300 व.फु., भूतल 300 व.फु. कामर्शियल स्वयं, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/259 जबलपुर दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती प्रेमवती कोष्टा, पति-स्व. श्री कालीचरण कोष्टा, 2. अनिल, श्री सुनील, श्री संदीप तीनों के पिता- स्व. श्री कालीचरण कोष्टा** ने मकान नं. 1628 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000409821, भूतल 901 व.फु., प्रथमतल 245 व.फु., **खसरा कापी, बटवारानामा, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/258 जबलपुर दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अनिल गुप्ता, पिता- स्व. श्री वासुदेव गुप्ता** ने मकान नं. 1217 **वार्ड पं. गोविन्द बल्लभ पंत** पिन नं. 1000705525, भूतल 210 व.फु. स्वय रहवास, 190 व.फु. कामर्शियल स्वयं, प्रथमतल 400 व.फु., द्वितीयतल 400 व.फु., तृतीयतल 260 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/257 जबलपुर दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती सरोज जैन, पति- श्री रमेश जैन,** ने मकान नं. 3434/पी-200 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353495, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/256 जबलपुर दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सुब्रत पात्रा, पिता- श्री मोहन पात्रा** ने मकान नं. खसरा नं. 160/2, **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1002146966, क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/255 जबलपुर दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री तुलसीदास कोष्टा, पिता- स्व. श्री बनवारी लाल कोष्टा** ने मकान नं. नया 1679, पुराना 637, **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद,** पिन नं. 1000411882, क्षेत्रफल 546 व.फु., भूतल 546 व.फु. कच्चा खपरैल, **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999